रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III —Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 168] नई दिल्ली, मंगलवार, मई 19, 2015/वैशाख 29, 1937
No. 168] NEW DELHI, TUESDAY, MAY 19, 2015/VAISAKHA 29, 1937

IndiaCode

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 मई, 2015

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियम 2015

सं. पीएफआरडीए/12/आरजीएल/139/9 .– पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) की उप–धारा (2) की धाराओं (ड.) (ड), (ढ़), (ण) और (त) के साथ पठनीय धारा 52 की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, नामतः –

अध्याय – 1
प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारम्भ–(1) इन विनियमों का नाम पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम (पेंशन निधि) विनियम, 2015 है।

इन विनियमों का उद्देश्य पेंशन निधियों की निगरानी, पर्यवेक्षण और अन्तः नियंत्रण के लिए ढांचे का मानकीकरण करना है ताकि अभिदाताओं को सुरक्षा प्रदान करने और उचित जोखिम प्रबंधन के उद्देश्य से अंतः नियंत्रण और परिचालन के उच्च मानक स्थापित किये जा सकें।

(2) वे शासकीय राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

2. **परिभाषाएं** – (1) इन विनियमों में, जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो –

क. "अधिनियम" से पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) अभिप्रेत है।

ख. कारोबारी दिन : से सभी दिन अभिप्रेत हैं सिवाय साप्ताहिक अवकाशों (शनिवार तथा रविवार) और वे अन्य दिन जब न्यासी बैंक की नियत शाखा परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 (1881 का 26)के तहत या वह दिन जब मुख्य स्टॉक एक्सचेंज और ऋण बाजार जो स्कीम के तहत प्रतिभूतियों का मूल्यांकन करते हैं, कारोबार के लिये बंद रहते हैं।

ग. ''अनुपालन अधिकारी'' से पेंशन निधि से उत्तरदायी ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे उस रूप में पदाभिहित और अधिनियम या उसके अधीन प्राधिकरण द्वारा बनाए गए नियमों या विनियमों के उपबंधों या जारी की गई अधिसूचनाओं, परिपत्रों या अनुदेशों का पेंशन निधि द्वारा अनुपालन किये जाने को मॉनीटर करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।

घ. ''वित्त वर्ष'' का आशय वर्ष के अप्रैल के प्रथम दिन से अगले वर्ष के 31 मार्च तक की अवधि अभिप्रेत है।

ड. ''राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास'' से न्यासी बोर्ड अभिप्रेत है जो अभिदाताओं की आस्तियों को उनके लाभार्थ धारित करते हैं।

च. ''प्रधान अधिकारी'' से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो पेंशन निधि के कार्यकलापों के लिए उत्तरदायी हो तथा शामिल हैं–

(i) कोई पूर्णकालिक निदेशक, कार्यपालक निदेशक, प्रबंध निदेशक या मुख्य कार्यपालक अधिकारी या मुख्य वित्तीय अधिकारी, कारपोरेट निकाय के मामले में,

(ii) निदेशक मंडल द्वारा प्रधान अधिकारी के रूप में नामित कोई व्यक्ति, और

(iii) कोई प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्ति या जिसके निर्देशों या अनुदेशों के अनुसार कोई व्यक्ति, निदेशक मंडल या कोई एक या अधिक निदेशक हों या उसके अनुरूप कार्य करने के अभ्यस्त हों।

छ. ''मूर्त निवल मूल्य'' में चुकता पूंजी तथा मुक्त रिजर्व व शेयर प्रीमियम सहित, शामिल होगा किन्तु पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के अतिरिक्त, और निवेश उतार–चढ़ाव तथा लाभ व हानि लेखा में जमा शेष, लाभ व हानि लेखा में नामे शेष को निकाल कर, संचित हानियां व अमूर्त आस्तियां शामिल होंगी।

(2) प्रयुक्त शब्दों और वाक्यांशों जो इन नियमों में प्रंयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं, किंतु अधिनियम में परिभाषित किया गया है, अधिनियम में उनके निर्धारित अर्थ मान्य होंगे।

IndiaCode

अध्याय–2

पेंशन निधि का पंजीकरण

3. **पंजीकरण का प्रमाण पत्र** –(1) प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीमों की परिसम्पत्तियों का प्रबंधन करने के लिए प्राधिकरण पेंशन निधियों का पंजीयन करेगा और पंजीकरण (अनुसूची 1 के तहत निर्दिष्ट प्ररूप में) प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।

(2) बहु पेंशन निधियों का विकल्प उपलब्ध होगा।

(3) पेंशन निधियों की संख्या का निर्धारण प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा, जो सार्वजनिक हित में पेंशन निधियों की संख्या में बदलाव कर सकता है। परन्तु यह कि कम से कम एक पेंशन निधि सरकारी कंपनी होगी।

स्पष्टीकरण – इस उप–धारा के प्रयोजनार्थ पद ''सरकारी कंपनी'' का आशय कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 617 में दिए अनुसार होगा।

(4) कोई भी पेंशन निधि अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (1) की धारा (ख) में संदर्भित राष्ट्रीय पेंशन स्कीम या किसी अन्य पेंशन स्कीम से संबंधित कोई गतिविधि शुरू नहीं कर सकेगा, सिवाय अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत निर्मित विनियमों के तहत प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त पंजीकरण प्रमाण पत्र की शर्तों के अनुसार और उसके अन्तर्गत।

(5) कोई भी पेंशन निधि, जिसे अंतरिम पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा आरंभ की गई किसी चयन प्रक्रिया के तहत या उस रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया था उस अस्थायी अवधि के लिये प्राधिकरण द्वारा किये गए उल्लेखानुसार उस शुल्क का भुगतान करके, इन विनियमों की अधिसूचना से छह माह की अवधि तक ऐसा करती रहेगी या जब तक विनियम 4 के अन्तर्गत निर्दिष्ट नई चयन प्रक्रिया के तहत पेंशन निधियों का चयन नहीं हो जाता।

4. **पंजीकरण के लिए आवेदन और आवेदन शुल्क–**(1) प्राधिकरण द्वारा जब कभी पेंशन निधि को पंजीकरण प्रमाण पत्र देने के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं तो जो निकाय इन विनियमों के तहत पात्रता की शर्तें पूरी करता है और इन पेंशन निधियों के प्रायोजक के रूप में कार्य करने के लिये, आवेदन पत्र अनुसूची–2 के भाग–क में उल्लेखानुसार अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के साथ तथा उसके भाग–ख में उस शुल्क की भुगतान विधि के अनुसार, कर सकता है।

(2) प्रायोजकों के बीच, संयुक्त उद्यम भी आवेदन कर सकते हैं बशर्ते वह संयुक्त उद्यम किसी एक ही वित्तीय सेक्टर विनियामक के अधिकार क्षेत्र में आता हो या बाद में आएगा। संयुक्त उद्यम कम से कम संस्था के बाह्य ज्ञापन निष्पादन करने के चरण में हों और संयुक्त उद्यम को प्रायोजक की नियुक्ति की तारीख से एक माह में पूरा कर लेना चाहिए।

(3) प्राधिकरण कुछ ऐसे अतिरिक्त नियम एवं शर्तें भी उपलब्ध करा सकता है जिन्हें चयन प्रक्रिया में आवश्यक समझा जाए और प्रायोजकों को उन नियमों एवं शर्तों को पूरा करना होगा।

5. **अपेक्षाओं के अनुरूप आवेदन** – (1) किसी भी आवेदन को विनियम 4 के तहत, साथ–साथ निम्नलिखित आधार पर अस्वीकृत किया जा सकेगा :

क. जो सभी प्रकार से पूर्ण नहीं है और जिसमें प्राधिकरण द्वारा यथा अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी नहीं है,

ख. अधिनियम या विनियमों में उल्लिखित सुसंगत अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है, या

ग. प्राधिकरण द्वारा यथा अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी नहीं है, या

घ. गलत, मिथ्या या भ्रामक प्रकृति का है, या

ड.. आवेदक ने इन विनियमों के तहत निर्धारित किये अनुसार न्यूनतम पात्रता अपेक्षाओं और चयन प्रक्रिया का आवेदने की तिथि को अनुपालन नहीं करता है, या

च. प्राधिकरण की राय में सार्वजनिक या अभिदाताओं के या प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीम या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या किसी अन्य पेंशन स्कीम के क्रमिक विकास के हित में नहीं है,

(2) उप–विनियम (1) में उल्लिखित आधार पर किसी आवेदन को नामंजूर करने के पूर्व, प्राधिकरण द्वारा आवेदक को उन त्रुटियों को, तत्प्रस्कीमर्थ विनिर्दिष्ट समय के भीतर दूर करने के लिए अवसर दिया जा सकता है :

परंतु, यदि आवेदन मिथ्या या भ्रामक जानकारी देने के कारण नामंजूर किया गया है, तो यह अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा और आवेदक इन विनियमों या अधिनियम के अधीन किन्हीं अन्य विनियमों के अधीन पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए नामंजूरी की तारीख से एक वर्ष तक कोई आवेदन नहीं करेगा।

6. **सूचना अथवा स्पष्टीकरण को प्रस्तुत और प्रकट करना** – (1) प्राधिकरण आवेदन पत्र के निपटान के उद्देश्य से कुछ और सूचना या स्पष्टीकरण मांग सकता है, और तदुपरांत किसी अन्य विषय के बारे में में जिसे प्राधिकरण आवश्यक समझे।

(2) आवेदक अपेक्षित सूचना और स्पष्टीकरण प्राधिकरण द्वारा उस सम्बंध में निर्धारित की गई अवधि में उसके समाधानप्रद रूप में प्रस्तुत करेगा तथा प्राधिकरण को प्रतिवेदन भेजेगा।

(3) प्राधिकरण अभिदाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए, आवेदक द्वारा आवेदन पर दी गई सूचना को वेबसाइट तथा आवेदक की वेबसाइट पर भी देकर, जैसेकि प्राधिकरण द्वारा उल्लेख किया गया है, सार्वजनिक करेगा।

(4) इन विनियमों के कारण वेबसाइट पर दी गई सूचना में किसी वस्तुगत बदलाव की सूचना प्राधिकरण को दी जाएगी किंतु बदलाव होने से पन्द्रह दिनों के अंदर।

7. **सूचना का सत्यापन** –(1) पंजीकरण प्रमाणपत्र हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विचार करते समय, जो आवेदक द्वारा दी गई सूचना पर आधारित होगा, प्राधिकरण यदि उचित समझे तो आवश्यकतानुसार किसी भी प्रकार सूचना का सत्यापन कर सकता है जिसमें दस्तावेजों, कार्यालय स्थल का वस्तुतः सत्यापन करना शामिल हो सकता है और कार्यालय स्थान, बुनियादी ढांचे तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धता जो आवेदक के यहां होनी चाहिए, का निरीक्षण कर सकता है।

(2) सूचना के सत्यापन हेतु, प्राधिकरण किसी भी व्यक्ति को,` जिसमें उसके अधिकारियों या किसी बाह्य लेखा परीक्षक भी शामिल है, नियुक्त कर सकता है।

8. **पात्रता मानदंड** – (1) निम्नलिखित न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाला कोई भी आवेदक पेंशन निधि के प्रायोजक के लिये आवेदन प्रस्तुत कर सकता है :–

क– पेंशन निधि के प्रायोजक को निधि प्रबंधन (इक्विटी तथ ऋण बाजार) का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव हो,

ख– पेंशन निधि का प्रायोजक वित्तीय कारोबारी गतिविधियां करने वाला निकाय हो, और जिसका विनियमन देश के किसी वित्तीय क्षेत्र के विनियामक जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण, और प्राधिकरण द्वारा होता हो,

ग– प्रायोजक, एकल या संयुक्त रूप से, पिछले प्रत्येक पांच वित्त वर्षों के अंतिम दिन कम से कम पचीस करोड़ रूपये की सक्रिय मूर्त निवल मूल्य की परिसम्पति धारित करता हो,

घ– प्रायोजक ने कम से कम पिछले पांच वर्षों में से तीन वित्त वर्षों में कर उपरांत लाभ अर्जित किया हो और इसके अतिरिक्त पिछले पांच वर्षों में कोई नकदी हानि न हुई हो,

ड.– प्रायोजक को पेंशन निधि हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक अलग लिमिटेड कंपनी निगमित करनी होगी, प्रायोजक की पूंजी निवेश की क्षमता हो जिससे पेंशन निधि में कम से कम पचीस करोड़ रुपए या अधिक, जैसाकि प्राधिकरण द्वारा चयन प्रक्रिया में निर्दिष्ट किया गया है, मूल्य की सक्रिय निवल परिसम्पति हो,

च– किसी विदेशी कंपनी द्वारा या तो स्वयं या अपनी सहायक कंपनियों या अपने नामितों के माध्यम से या किसी व्यक्ति द्वारा या व्यक्तियों के किसी संघ द्वारा चाहे वह भारत के बाहर देश के किसी कानून के तहत पंजीकृत हो या नहीं, इक्विटी शेयरों की सकल धारिता पेंशन निधि में उस निधि की चुकता पूंजी के छबीस प्रतिशत से अधिक न हो या वह प्रतिशत जिसे बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) के प्रावधानों के तहत भारतीय बीमा कंपनी द्वारा अनुमोदित किया जाता है, जो भी अधिक हो,

छ– प्रायोजक सुनिश्चित करेगा कि पेंशन निधि में बाजार आधारित प्रक्रिया से न्यूनतम निर्धारित प्रतिलाभ स्कीम में प्राप्त करने की क्षमता हो जिसमें अभिदाता द्वारा खरीदी गारंटी शामिल हो सकती है,

ज– प्रायोजक ने पेंशन निधि की मूर्त निवल परिसम्पति में कम से कम बीस प्रतिशत अंशदान किया हो या अंशदान करे। जिस निकाय ने पेंशन निधि की चुकता पूंजी के बीस प्रतिशत का अंशदान किया है वह इन विनियमों में प्रायोजक हेतु निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करेगा,

झ– पेंशन निधि का प्रायोजक या पेंशन निधि स्वयं प्राधिकरण द्वारा विनियमित किसी अन्य पेंशन निधि में कोई इक्विटी स्टेक धारित नहीं करेगी,

ञ– पेंशन निधि का प्रायोजक या पेंशन निधि केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण एजेंसी याअभिरक्षक अभिरक्षक या न्यासी बैंक में इक्विटी स्टेक की छब्बीस प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से धारित नहीं करेगी,

(2) प्रत्येक आवेदक उप–विनियम 1 में निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंड अवश्य पूरा करेगा।

(3) पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करने के प्रस्कीमर्थ, प्राधिकरण ऐसे किसी या सभी मामलों पर विचार करेगा जो प्रायोजक या पेंशन निधि की गतिविधियों से सम्बद्ध हैं तथा ऐसे सभी मामलों को भी जिन्हें वह पेंशन क्षेत्र से संबंधित समझती है और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या प्राधिकरण द्वारा विनियमित किसी अन्य पेंशन स्कीम, सहित किंतु निम्नलिखित तक सीमित नहीं :–

क– प्रायोजक पेंशन निधि को पर्याप्त और आवश्यक बुनियादी ढांचा, समर्पित जनशक्ति, प्रणाली और प्रक्रियाएं, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना सुरक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराएगा जिनमें भावी बदलावों या अन्य अपेक्षाओं जैसेकि प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया गया है, को अपनाने की क्षमता हो,

ख– पेंशन निधि के कम से कम पचास प्रतिशत निदेशकों को वित्त और वित्त से संबंधित क्षेत्र में पर्याप्त व्यावसायिक अनुभव हो,

ग– पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि मुख्य कर्मचारियों जैसे मुख्य कार्यपालक अधिकारी, मुख्य निवेश अधिकारी, निधि प्रबंधक, परिचालन प्रबंधक, अनुपालन अधिकारी और या उन अन्य अधिकारियों जैसाकि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाता है, को संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त व्यावसायिक अनुभव हो,

घ– ऐसी पेंशन निधि के निदेशक मंडल में कम से कम पचास प्रतिशत स्वतंत्र निदेशक होंगे,

ड.– प्रायोजक और पेंशन निधि अनुसूची–2 में उल्लेखानुसार एक 'उपयुक्त एवं उचित व्यक्ति' है,

च– पेंशन निधि के प्रधान अधिकारी या प्रायोजक को कभी चरित्र हीनता का दोषी नहीं पाया गया या आर्थिक अपराध या प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन का अपराधी नहीं पाया गया या किसी अन्य वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों या अदालत या न्यायाधिकरण द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश जारी नहीं किए गए।

छ– क्या प्रायोजक या उसके किसी संबंधित संस्था को भारत में किसी वित्तीय क्षेत्र के विनियामकों, जिनमें भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक विनियामक एवं विकास प्राधिकरण और पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण शामिल हैं, द्वारा पूर्व में पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार किया गया और यदि हां, तो उस इंकार करने के क्या कारण थे,

ज– क्या प्रायोजक या उसके किसी प्रधान अधिकारी पर पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी वित्तीय विनियामक द्वारा (धारा (छ) का संदर्भ लें) या किसी अदालत या न्यायाधिकरण द्वारा विनियमों, विनियामक के निदेशों, दिशानिर्देशों और परिपत्रों का उल्लंघन करने पर दोषी पाया गया हो अथवा शास्ति का अधिरोपण किया गया,

झ– पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करना अभिदाताओं के हित में है,

ञ– कोई अन्य मानदंड जिसे प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण के लिये आवेदन आमंत्रित करते समय निर्धारित किया हो।

(4) यदि कोई निकाय उप–विनियम (3) में उल्लिखित कोई एक या अधिक मानदंड पूरा नहीं कर रहा हो तो वह आवेदन में कारणों का उल्लेख करते हुए प्राधिकरण से छूट मांग सकता है।

(5) इन विनियमों में ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे आवेदक को कोई छूट पाने का अधिकार हो।

(6) प्राधिकरण सार्वजनिक हित में और लिखित में दिये जाने वाले कारणों के आधार पर छूट दे सकता है। प्राधिकरण ऐसी परिस्थितियों में पंजीयन प्रमाण पत्र अनुदत्त करने के लिए ऐसी शर्ते अधिरोपित कर सकेगा जो वह ठीक समझे।

(7) प्राधिकरण का निर्णय कि कोई आवेदक पात्रता मानदंडों को पूरा करता है या नहीं, अंतिम होगा।

(8) केवल आवेदन करने या पात्रता मानदंडों को पूरा करने से आवेदक को पेंशन निधि के लिये पंजीकरण प्रमाण पत्र लेने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता है।

(9) पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने की प्रक्रिया और पंजीकरण शुल्क – (1) पेंशन निधि के पंजीकरण के लिये चयन प्रक्रिया के तहत प्राधिकरण द्वारा आमंत्रण के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों का इन विनियमों और चयन प्रक्रिया में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार मूल्यांकन किया जाएगा।

(2) अधिकतम मूल्य के प्रस्ताव को विनियम 20 में निर्धारित किये अनुसार निवेश प्रबंधन फीस स्वीकार करने के लिये ऑफर भेजा जाएगा।

(3) उप–विनियम (2) के तहत भेजे ऑफर को स्वीकार करने के बाद, प्राधिकरण, उन नियमों और शर्तों के के अधीन जो उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जाये, आवेदक को पेंशन निधि स्थापित करने की अनुमति दे सकता है और भाग–ख (व्याख्या) में दी गई विधि से तृतीय अनुसूची के भाग–क में उल्लेखानुसार अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क प्राप्त होने पर पेंशन निधि का पंजीकरण प्रमाणपत्र अनुसूची–1 में दिये फार्मेट में प्रदान किया जा सकता है।

10. मध्यवर्तियों के साथ प्रलेखीकरण – (1) परिचालन शुरू करने से पूर्व, पेंशन निधि अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित करारों का निष्पादन करेगी –

(क) अनुसूची–11 में उल्लेखानुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के साथ निवेश प्रबंधन करार,

(ख) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के साथ अप्रकटीकरण करार,

(ग) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत अन्य मध्यवर्तियों के साथ करार जैसेकि प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया जाए यथा केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण , न्यासी बैंक (अनुसूची–3) और अभिरक्षक अभिरक्षक (अनुसूची–9) या उल्लेखानुसार कोई अन्य मध्यवर्ती।

(घ) प्राधिकरण द्वारा यथा निर्दिष्ट कोई अन्य करार।

(2) यदि करारों की व्याख्या के बारे में मध्यवर्तियों के बीच कोई मतभेद हो तो उसे निर्णय के लिये प्राधिकरण को भेजा जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

(3) पेंशन निधि अन्य क्षेत्रों के विनियामकों द्वारा प्रभावी अधिनियमों या नियमों के तहत अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करेगी और खाता खोलने, हस्ताक्षरियों को प्राधिकृत करने, डिजीटल हस्ताक्षर प्राप्त करने, कनैक्टीविटी प्रदान करने, सॉफ़्वेयर इंस्टाल करने और अन्य ऐसे मामलों के लिये अन्य मध्यवर्तियों की दस्तावेजी अपेक्षाओं को पूरा करेगी ताकि कानून के अंतर्गत किसी प्रकार की अयोग्यता न हो अथवा पेंशन निधि के रूप में कार्य करने में परेशानी न हो

11. कारेबार शुरू करना – (1) पेंशन निधि द्वारा अपना परिचालन आरंभ करने के लिये जिस हेतु उसे पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया, दस्तावेजन और अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पेंशन निधि प्राधिकरण से ''कारोबार आरंभ करने के लिये प्रमाणपत्र'' जारी करने का अनुरोध करेगी।

(2) कारोबार आरंभ करने के लिये प्रमाणपत्र का अनुरोध करते समय, प्रायोजक या पेंशन निधि प्रतिवेदन व मांग करेगी कि उसे पेंशन निधि के तौर पर कार्य करने के लिये अपेक्षित अनुमोदन और अनुमति प्रांप्त है और इस रूप में कार्य करने के लिये कानूनी या अन्य आधार पर कोई अक्षमता नहीं है।

(3) प्राधिकरण संतुष्ट होने पर कि पेंशन निधि स्कीम गत आस्तियों के प्रबंधन के लिये अपना परिचालन शुरू करने के लिये पूरी तरह तैयार है, अनुसूची–4 में दिये फार्मेट में पेंशन निधि का ''कारोबार आरंभ करने के लिये प्रमाणपत्र'' जारी कर सकता है जिसके बाद पेंशन निधि कारोबार आरंभ कर सकती है।

(4) पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली पेंशन निधि पंजीकरण की तारीख से छह माह के अंदर अपना परिचालन शुरू कर सकती है। इस परिचालन को शुरू करने के लिये समय सीमा में वृद्धि प्राधिकरण द्वारा अधिकाधिक छह माह तक लिखित कारणों के आधार पर प्रदान की जाएगी।

12. पंजीकरण के लिये नियम तथा शर्तें – पेंशन निधि को दिये गये पंजीकरण प्रमाण पत्र पर निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी, नामतः –

(क) प्रायोजक और पेंशन निधि अधिनियम, नियमों और इन विनियमों में उल्लेखानुसार पात्रता अपेक्षाओं को हर समय पूरा करेंगे और उनका अनुपालन करेंगे तथा पेंशन निधि के रूप में पंजीकरण से संबंधित सभी प्रतिवेदन, वारंटियां, सूचना, प्रकटीकरण, रिपोर्टें, दस्तावेज या विवरणियां सत्य, पूर्ण, सही और हर प्रकार से ठीक हैं और उसमें किसी वस्तुनिष्ठ तथ्य के बारे में कुछ भी असत्य या भ्रामक कथन नहीं है या किसी वस्तुगत तथ्य को छुपया नहीं गया है। प्रायोजक या पेंशन निधि पूर्व में प्रस्तुत सूचना या ब्योरों में कोई वस्तुगत बदलाव होने पर, जिसका प्रभाव उसके पंजीकरण प्रमाण पत्र पर पड़ता हो, प्राधिकरण को सूचित करेगी।

(ख) प्रायोजक और पेंशन निधि ने प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीमों के प्रबंधन के लिये पेंशन निधि के रूप में पंजीकरण स्वीकृति हेतु सभी अपेक्षित कार्रवाई व कदम उठा लिये हैं और अपनी बाध्यताओं के सम्यक निष्पादन के लिये बाध्य कर लिया है,

(ग) पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित किये अनुसार 25 करोड़ रुपए या अधिक मूल्य की मूर्त परिसम्पति धारित करेगी,

(घ) प्रायोजक और पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि पेंशन स्कीमों कान तो परिचालन ,प्रबंधन और ना ही चयनित प्रतिभूतियों का परिचालन प्रायोजक, पेंशन निधि के निदेशकों या सम्बद्ध व्यक्तियों के हित में या अभिदाताओं के विशेष वर्ग को लाभ पहुंचान के लिये किया जाए और पेंशन स्कीमों के मामलों के प्रबंधन में हितों के टकराब से परहेज करेगी तथा सभी मामलों में अभिदाताओं के हितों को सर्वोपरि रखेगी। पेंशन निधि यह सुनिश्चित करने के लिये कि अभिदाताओं के हितों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए पर्याप्त कार्रवाई करेगी एवं विवेक का प्रयोग करेगी ।

(ड.) पेंशन निधि प्राधिकरण के निदेशानुसार या इन विनियमों में जैसा उल्लेख किया गया है, पक्षों से करार करेगी और निष्पादित करारों की शर्तों का अनुपालन करेगी,

(च) पेंशन निधि अपने दायित्वों का निर्वहन करते समय प्राप्त सभी लेन देनों, अभिलेखों, आंकड़ों और सूचना की गोपनीयता बनाए रखेगी और प्राधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना वे आंकड़े या सूचना साक्ष्य के रूप में या किसी अन्य प्रयोजन के लिये सिवाय कानूनी प्रक्रिया के तहत अपेक्षानुसार या प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के द्वारा दिये निर्देश के, प्रस्तुत नहीं करेगी या आज्ञा नहीं देगी,

(छ) प्रायोजक और पेंशन निधि अधिनियम के प्रावधानों, नियमों और विनियमों या प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों, निदेशों/अधिसूचनाओं या परिपत्रों का हर समय व पंजीकरण प्रमाण पत्र निलंबन की अवधि के दौरान और परिसम्पत्तियों या दस्तावेजों के अंतरण के दौरान जब तक विनियम 34 में उल्लिखित सभी कार्रवाई पूरी न हो जाए, अनुपालन करेगी।

(ज) पेंशन निधि कि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास, अभिदाता और मध्यवर्तियों को समुचित, सही, सुस्पष्ट और समय पर सरल भाषा में निवेश नीतियों, निवेश उद्देश्यों, वित्तीय स्थिति और अपने प्रबंधन की पेंशन स्कीमों के सामान्य मामलों की जानकारी का प्रसार सुनिश्चित करेगी पेंशन निधि अभिदाताओं को अपेक्षित सूचना तथा अनुसूची–5 में दिये फार्मेट में तथा आवधिक आधार पर जैसाकि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर अपेक्षित होता है, प्रेषित करेगी।

(झ) प्रायोजक पेंशन निधि की वांछनीयता और जारी रखने की आवधिक समीक्षा करेगा। यदि किसी पेंशन स्कीम में काफी अनियमितताएं पाई जाती हैं तो प्रायोजक पेंशन निधि में कोई विशेष बदलाव होने के बारे में प्राधिकरण को शीघ्र सूचित करेगा,

(ञ) प्रबंधन या स्वामित्व या शेयरधारिता पद्धति में कोई मुख्य बदलाव होने पर या पेंशन निधि के प्रायोजक के नियंत्रण हित में कोई बदलाव होने पर, प्राधिकरण की पूर्व अनुमति ली जाएगी। प्रमुख कार्मिकों में कोई परिवर्तन होने पर प्राधिकरण को बदलाव होने से पन्द्रह दिनों के अंदर सूचित किया जाएगा,

(ट) प्रायोजक और पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर अधिसूचित 'आचार संहिता' और अनुसूची–6 में उल्लिखित का अनुपालन करेगी,

(ठ) पेंशन निधि कोई मुख्य कार्य किसी तृतीय पक्ष को नहीं सौंपेगी। किसी अन्य को कार्य का प्रत्यायोजन प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन से ही किया जाएगा,

(ड) पेंशन निधि कोई अन्य कार्य नहीं करेगी सिवाय प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीमों या निधियों से संबंधित कार्य के।

13. वार्षिक शुल्क – प्रत्येक पेंशन निधि प्रत्येक वर्ष 15 अप्रैल से पूर्व या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने से 15 दिन के अंदर अनुसूची–3 में उल्लिखित या प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित वार्षिक शुल्क जमा करेगी।

अध्याय – 3

स्कीमं, मूल्यांकन, लेखांकन, आय अभिज्ञान

14. स्कीम और निवेश दिशानिर्देश – (1) पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित स्कीमों का प्रबंधन पेंशन निधि के प्रबंधन के ऐसे नियमों के अनुरूप तथा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर यथा अनुमोदित निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

(2) कोई भी पेंशन निधि अभिदाताओं की निधियों को भारत से बाहर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निवेश नहीं करेगी,

(3) अभिदाता द्वारा क्रय की गई बाजार आधारित गारंटी तंत्र के सिवाय कोई भी निहित या स्पष्ट लाभ का आश्वासन नहीं होगा ,

(4) जो अभिदाताओं न्यूनतम सुनिश्चित लाभ चाहते हैं, के पास अपनी निधियां प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित,ऐसी स्कीमों में निवेश करने का विकल्प होगा जो न्यूनतम लाभ का आश्वासन देती हैं।

(5) पेंशन निधि अभिदाताओं को अपनी निधियों का 100 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने का विकल्प देगी।

15. स्कीम परिसम्पतियों का मूल्यांकन–राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के नाम धारित और प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीमों के तहत पेंशन निधियों द्वारा प्रबंधित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

16. अनुपयोज्य आस्तियां, अभिज्ञान, वर्गीकरण और व्यवस्थापन –(1) अनुपयोज्य आस्तियां, अभिज्ञान, वर्गीकरण और व्यवस्थापन प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।

(2) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास ट्रेंड की निगरानी करेगा और निष्पादित आस्तियों में हानियों की पहचान तथा आय अभिज्ञान, वर्गीकरण और रिपोर्ट के तहत अनुपयोज्य आस्तियों की वसूली के संबंध में प्राधिकरण को सूचित करेगा,

17. लेखा बहियां और अभिलेख – (1) पेंशन निधि पेंशन स्कीमों के परिचालन की बहियां और अभिलेख का रख रखाव यह सुनिश्चित करने के लिए करेगी कि आय कर अधिनियम, कंपनी अधिनियम एवं लागू अन्य अधिनियमों के प्रावधानों का अनुपालन उस प्रकार से हो रहा है जो अपेक्षित है या प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित है,

(2) प्रत्येक पेंशन निधि प्रत्येक योजना के लेखाओं की उचित बहियों, अभिलेख तथा दस्तावेजों का रख रखाव करेगी ताकि स्कीम के मामलों के बारे में सही व निष्पक्ष जानकारी दी जा सके और प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को उस स्थान की जानकारी देगी जहां लेखा बहियों, अभिलेख तथा दस्तावेजों का रख रखाव किया जा रहा है, यदि पेंशन निधि के पंजीकृत कार्यालय में रख रखाव नहीं किया जा रहा हो। पेंशन निधि ही लेखा बहियों, अभिलेख तथा दस्तावेजों के रख रखाव और उनके सही होने के लिये उत्तरदायी होगी ।

(3) पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित लेखा नीतियों का पालन करेगी।

18. स्कीमों का निवल आस्ति मूल्य – (1) प्रत्येक स्कीम का प्रति यूनिट प्रारम्भिक मूल्य दस रुपये होगा।

(2) पेंशन निधि प्रत्येक स्कीम के निवल आस्ति मूल्य की गणना स्कीम की निवल आस्तियों को (प्राधिकरण द्वारा आस्तियों के मूल्य से अनुमोदित अनुमत्य प्रभारों को निकाल कर ज्ञात किया जाए) प्रत्येक स्कीम के मूल्यांकन के समय बकाया यूनिटों से विभाजित करके ज्ञात किया जाएगा।

(3) प्रत्येक स्कीम की यूनिटों के निवल आस्ति मूल्य की गणना की जाएगी और प्रत्येक 'कारोबारी दिन' को घोषित की जाएगी।

19. वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट – (1) पेंशन निधि आस्तियों का स्कीम–वार निपटान सुसंगत लेखा तारीख पर करने और अवधि के दौरान निष्पादकता देने के साथ ही अभिदाताओं को प्रोद्भूत आय के वितरण और संचयन के बारे में सूचना सही व निष्पक्ष रूप में इन विनियमों या प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार देने के लिए अनुसूची–7 में दिये अनुसार प्रत्येक वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी।

IndiaCode

(2) पेंशन निधि को प्राधिकरण द्वारा उल्लिखित विधि से अपनी स्कीमों का संपरीक्षित लेखा पाना अपेक्षित होगा और लेखा परीक्षा रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट में शामिल होगी। लेखा परीक्षक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को रिपोर्ट करेगा।

(3) प्रत्येक पेंशन निधि संपरीक्षित वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति तथा अन्य सूचना व उसके द्वारा धारित निवेशों और जमाओं का ब्योरा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को प्रत्येक वित्त वर्ष बंद होने की तारीख से साठ दिनों के अंदर अग्रेषित करेगा ताकि उसकी समग्र स्कीम–वार विवरण राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को मिल जाए।

(4) स्कीमों की वित्तीय विवरणी पेंशन निधि के निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित होनी चाहिए और उसे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को प्रेषित किया जाए। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास का न्यासी मंडल पेंशन निधि की स्कीमों ओं की वित्तीय विवरणी पर पेंशन निधि के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित और हस्ताक्षर करने के बाद, अनुमोदित करेगा और प्रतिहस्ताक्षर करेगा। स्कीम की वित्तीय विवरणी प्राधिकरण को प्रत्येक वित्त वर्ष बंद होने की तारीख से नब्बे दिनों में प्रस्तुत की जाएगी।

(5) स्कीमों का प्रत्येक तुलन पत्र और राजस्व लेखा कंपनी अधिनियम के तहत समय–समय पर अधिसूचित किये अनुसार लेखा मानकों के अनुरूप होगा सिवाय एएस 3 (नकदी प्रवाह विवरणी) और एएस 17 के (वर्गवार रिपोर्टिंग), जहां तक वे पेंशन स्कीमों पर लागू होते हैं और इन विनियमों के पूरी तरह असंगत नहीं है।

(6) प्रत्येक स्कीम की वार्षिक रिपोर्ट और पोर्टफोलियो ब्योरा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा अनुमोदित होने के बाद पेंशन निधि संबंधित पेंशन निधि की वेबसाइट पर प्रत्येक वित्त वर्ष बंद होने की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर डाली जाएगी।

(7) स्कीम–वार वार्षिक रिपोर्ट या उसका संक्षिप्त सारांश पेंशन निधि द्वारा केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण को अभिदाताओं को अग्रेषित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। सभी अभिदाताओं को प्रेषित संक्षिप्त सारांश में दी गई रिपोर्ट में एक टिप्पणी होगी कि पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट पेंशन निधि की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी जहां पूरी रिपोर्ट दी गई है।

(8) वार्षिक रिपोर्ट निरीक्षण के लिये पेंशन निधि के मुख्य कार्यालय में उपलब्ध होगी और उसकी एक प्रति अभिदाता को केवल दो सौ रुपये या प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अन्य शुल्कों का भुगतान करने पर उपलब्ध होगी।

(9) पेंशन निधि प्रत्येक छमाही बंद होने अर्थात 31 मार्च और 30 सितम्बर, से एक माह के अंदर अपनी स्कीम–वार विवरणियां और स्कीम पोर्टफोलियो की असंपरीक्षित विवरणी अपनी वेबसाइट पर डालेगी।

(10) उप–विनियम (9) में संदर्भित अर्ध वार्षिक असंपरीक्षित रिपोर्ट में प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर प्रकाशित तथा ऐसा अन्य ब्योरा जो स्कीम के परिचालनों की सही और निष्पक्ष तस्वीर देखने के लिये आवश्यक है, शामिल होगा।

20. निवेश प्रबंधन शुल्क – (1) उपलब्ध सेवाओं को ध्यान में रखते हुए, पेंशन निधि अभिदाता से निवेश प्रबंधन शुल्क वसूल कर सकेगी।

(2) निवेश प्रबंधन शुल्क प्रभार की दर और विधि का निर्धारण प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा और जिसकी अभिदाताओं के हित में और पेंशन सेक्टर के क्रमिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए समीक्षा की जा सकेगी।

(3) निवेश प्रबंधन शुल्क की गणना वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में प्रबंधाधीन आस्तियों के आधार पर दैनिक प्रोदभूत आधार और पेंशन निधि को चुकता निधि के आधार पर की जाती है।

(4) निवेश प्रबंधन शुल्क में ब्रोकरेज शामिल होती है किंतु अभिरक्षक शुल्क एवं अनुमत्य कर शामिल नहीं होते हैं। अन्य सभी व्यय पेंशन निधि द्वारा वहन किये जाएंगे और पेंशन निधि द्वारा उनकी प्रतिपूर्ति या स्कीम में प्रभारित नहीं किये जाएंगे।

(5) पेंशन निधि अपने प्रभारों (निवेश प्रबंधन शुल्क) को दैनिक आधार पर निवल आस्ति मूल्य पर लगाएगी और प्रोदभूत प्रभार (आय) उनके द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा अनुमोदन के बाद, न्यासी बैंक में रखे स्कीम के बैक खाते से वसूल करेगी।

अध्याय – 4

पेंशन निधि के सामान्य दायित्व और उत्तरदायित्व

21. आचार संहिता – प्रत्येक प्रायोजक या पेंशन निधि अनुसूची–6 में दी गई आचार संहिता का अनुपालन करेगा।

22. पेंशन निधि के उत्तरदायित्व और कार्य – (1) पेंशन स्कीमों ं का प्रबंधन स्कीमों, अधिनियम के प्रावधानों, न्यास विलेख, नियमों, विनियमों, प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों और परिपत्रों के अनुसार और प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा निर्धारित समय सीमाओं में किया जाएगा।

(2) पेंशन निधियों का दैनिक प्रबंधन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से पेंशन निधि द्वारा किया जाएगा।

(3) पेंशन निधि अपने कार्यों को करते समय अभिदाताओं के बेहतर हित में सेवा का उच्च स्तर, उपयुक्त सावधानी, समझदारी, कार्यकुशलता, निपुणता व सतर्कता बरतेगी। पेंशन निधियां सट्टेबाजी, काल्पनिकं निवेश या लेन देन नहीं करेंगी।

(4) पेंशन निधि अर्हता प्राप्त व निष्ठावान वृत्तिकों या कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। पेंशन निधि अपने कार्मिकों या प्राधिकृत व्यक्तियों जिनकी सेवाएं प्राप्त की गई हैं, के कार्यों व गलतियों के लिये उत्तरदायी होगी। यह जिम्मेदारी पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने या निलम्बित या वापस लेने पर भी या प्राधिकरण द्वारा प्रबंधन अपने नियंत्रण में लेने पर भी बनी रहेगी।

(5) पेंशन निधि अपने वित्तीय कार्यात्मक दायित्वों के निर्वहन के लिये अन्य मध्यवर्तियों से सम्पर्क व समन्वय करेगी और साथ ही करार करेगी, प्रौद्योगिकी मंच तैयार करेगी।

(6) पेंशन निधि पेंशन स्कीमों के परिचालन से संबंधित खाते, अभिलेख, रजिस्टर और दस्तावेजों का रख रखाव करेगी ताकि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी विनियमों, दिशानिर्देशों, परिपत्रों का अनुपालन सुनिश्चित हो और लेन देनों व कारोबारी गतिविधियों की लेखापरीक्षा में सुविधा हो।

(7) पेंशन निधि इन विनियमों, दिशानिर्देशों या परिपत्रों के अनुसार, या प्राधिकरण द्वारा जैसा कहा जाए या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर अपेक्षित, आवधिक और अनुपालन रिपोर्टें प्रस्तुत करेगी।

(8) पेंशन निधि अभिदाताओं के हित में अनुसूची–5 में प्राधिकरण द्वारा किये गये उल्लेखानुसार सूचना ऐसी रीति और प्ररूप में सार्वजनिक करेगी।

(9) पेंशन निधि निवेशों और जोखिम प्रबंधन के लिये अनुसूची–10 में उल्लेखित नवेश समिति और जोखिम समिति का गठन, उसकी संरचना, कार्यों, नीतियों और अन्य समान मामलों के लिये बेहतर अभिशासन विधियों को अपनाएगी

(10) पेंशन निधि हितों के टकराव से बचेगी जो पेंशन निधि के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन के समय और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को उन घटनाओं की रिपोर्ट करते समय उठ सकते हैं।

(11) पेंशन निधि अपने प्रायोजकों से पेंशन निधि संबंधी कारोबारी गतिविधियों को पृथक रखना सुनिश्चित करेगी।

(12) पेंशन निधि अभिदाताओं से संबंधित जानकारी और पेंशन निधि से संबंधित कार्रवाई की गोपनीयता तथा अपने नियंत्रणाधीन सभी सूचनाओं की सिवाय प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या किसी कानूनी प्रावधान के तहत अपेक्षित हो सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

(13) पेंशन निधि ऐसे प्रतिवेदन और वारंटियां देगी जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से अभिदाताओं के हितों की सुरक्षा के लिये आवश्यक हैं।

(14) पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित शुल्कों, प्रभारों, उद्ग्रहणों और प्रतिभूति जमाओं का संदाय करेगी जिसके लिये

(15) पेंशन निधि के परिचालनों और निष्पादकता की राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समीक्षा की जाएगी।

(16) पेंशन निधि की पेंशन स्कीमों की राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा लेखा परीक्षा की जाएगी।

(17) पेंशन निधि की प्राधिकरण द्वारा अन्य लेखा परीक्षा और निरीक्षण किया जाएगा।

23. निगरानी, समीक्षा और मूल्यांकन प्रणालियां एवं नियंत्रण – (1) प्रत्येक पेंशन निधि में नियंत्रणों, पद्धतियों, प्रक्रियाओं और सुरक्षा उपायों की समीक्षा, निगरानी, मूल्यांकन करने की पर्याप्त व्यवस्था होगी।

(2) पेंशन निधि परिचालनों या निष्पादकता की निगरानी, समीक्षा एवं मूल्यांकन करने के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास नोडल एजेंसी होगी।

24. अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति – (1) प्रत्येक पेंशन निधि वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के अधिकारियों में से एक अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति करेगी जो अधिनियम के प्रावधानों, नियमों एवं विनियमों, प्राधिकरण द्वारा जारी अधिसूचनाओं, दिशानिर्देशों या अनुदेशों के अनुपालन की निगरानी के लिये उत्तरदायी होगा।

(2) अनुपालन अधिकारी उसके द्वारा पाए गए किसी उल्लंघन की एक स्वतंत्र रिपोर्ट प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को शीघ्र भेजेगा।

25. प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को सूचना – (1) प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास पेंशन निधि से उसके कार्यकलाप से संबंधित किसी भी कार्य के बारे में कोई सूचना किसी भी समय मंगा सकता है।

(2) जब प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा उप–विनियम (1) के तहत कोई सूचना मंगाई जाती है तो पेंशन निधि का यह कर्तव्य होगा कि वह अपेक्षित सूचना प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा निर्धारित अवधि में प्रस्तुत करे।

अध्याय – 5

निरीक्षण और लेखा परीक्षा

26. निरीक्षण और लेखा परीक्षा – (1) प्राधिकरण, यदि वह आवश्यक समझे, किसी समय प्रत्यक्ष रूप से या अपने किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि या लेखापरीक्षक के माध्यम से किसी प्रयोजन के लिए, जिसके अंतर्गत इस विनियम के अधीन याथविनिर्दिष्ट प्रयोजन भी है, पेंशन निधि की लेखा बहियों, खातों, अभिलेख के साथ–साथ टेलीफोन रिकार्ड और इलैक्ट्रॉनिक रिकार्ड तथा दस्तावेजों का निरीक्षण और संपरीक्षा कर सकेगा।

2. उपविनियम (1) में निर्दिष्ट प्रयोजन के अंतर्गत निम्नलिखित भी हो सकते हैं –

क. बुनियादी ढांचागत क्षमताओं, प्रणालियों और प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना,

ख. सुनिश्चित करना कि खातों, अभिलेखों और दस्तावेजों का उचित रख रखाव किया जाता है,

ग. सुनिश्चित करना कि क्या आन्तरिक निंयत्रण प्रणालियां, प्रक्रियाएं और सुरक्षा उपाय स्थापित किए गए हैं और पेंशन निधि द्वारा उनका पालन किया जा रहा है।

घ. सुनिश्चित करना कि क्या अधिनियम के प्रावधानों या प्राधिकरण द्वारा बनाए गए विनियमों या जारी किए गए परिपत्रों, दिशानिर्देशों या अधिसूचनाओं का पालन किया जा रहा है,

ड. अभिदाताओं, नोडल कार्यालयों , मध्यवर्तियों या किसी अन्य व्यक्ति से ऐसे किसी विषय पर, जो प्राधिकरण द्वारा पेंशन निधि को सौंपे गए हैं, प्राप्त शिकायतों की जांच पड़ताल करना,

च. अभिदाताओं या पेंशन प्रणाली के हित में किसी अन्य मामले में स्वतः संज्ञान से जांच करना।

(3) प्राधिकरण –

(क) निरीक्षण या लेखापरीक्षा करने के लिए एक या अधिक प्राधिकृत प्रतिनिधियों या अर्हक लेखापरीक्षक को उप–विनियम (1) में संदर्भित, नियुक्त कर सकता है।

स्पष्टीकरण – इस उप विनियम के प्रयोजनके लिए, 'अर्हक लेखापरीक्षक' का वही अर्थ होगा जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 226 में निहित है।

(ख) यदि प्राधिकरण ऐसा उचित समझे तो किसी अर्हता प्राप्त मूल्यांकक को नियुक्त करे या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को एक अर्हता प्राप्त मूल्यांकक की नियुक्ति करने के लिये कहे,` इस धारा के तहत किसी भी मूल्यांकन पर होने वाले व्यय पेंशन निधि द्वारा वहन किए जाएंगे।

27. निरीक्षण या लेखापरीक्षा के पूर्व सूचना – (1) विनियम 26 के अधीन कोई निरीक्षण या लेखापरीक्षा करने के पूर्व प्राधिकरण या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि या लेखापरीक्षक पेंशन निधि को दस कार्य दिवस की सूचना देगा :

परंतु यदि प्राधिकरण का यह समाधान हो जाता है कि अभिदाताओं के हितों की तत्काल रक्षा के लिए निरीक्षण या संपरीक्षा आवश्यक है तो किसी सूचना की अपेक्षा नहीं होगी।

2. निरीक्षण या लेखापरीक्षा के दौरान, पेंशन निधि जिसका निरीक्षण या लेखापरीक्षा की जा रही है, इन विनियमों के अधीन यथा उपबंधित उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य होगा।

28. निरीक्षण और लेखापरीक्षा संबंधी दायित्व– (1) पेंशन निधि का यह कर्तव्य होगा कि जिसके कार्यों का निरीक्षण या लेखापरीक्षा की जा रही है और उसके प्रत्येक निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी प्राधिकरण को या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि या लेखापरीक्षा को अपनी अभिरक्षा या नियंत्रण में रखी बहियों, लेखाओं, अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों को, निर्दिष्ट उपयुक्त समय में, जैसाकि उसे अपेक्षित हो, उन विवरणियों एवं प्राधिकरण द्वारा उसे सौंपे गये कायों से संबंधित सूचना के साथ प्रस्तुत करे।

(2) पेंशन निधि प्राधिकरण या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि या लेखापरीक्षक को उसके द्वारा या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अधिभोग में रखे गए परिसर तक युक्तियुक्त पहुंच की अनुज्ञा देगा और पेंशन निधि. या किसी अन्य व्यक्ति के कब्जे में की किन्हीं बहियों, अभिलेखों, दस्तावेजों और कंप्यूटर डाटा की परीक्षा करने के लिए युक्तियुक्त सुविधा भी प्रदान करेगा और ऐसे दस्तावेजों या अन्य सामग्री की प्रतियां भी, जो प्राधिकरण या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि की राय में सुसंगत हों, निरीक्षण या लेखापरीक्षक के प्रयोजनार्थ उपलब्ध कराएगा।

(3) पेंशन निधि का यह कर्तव्य होगा कि वह प्राधिकरण या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि या लेखापरीक्षक को निरीक्षण या लेखापरीक्षा के संबंध में ऐसी सभी सहायता प्रदान करे जिसे प्राधिकरण या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि या लेखापरीक्षक निरीक्षण या लेखापरीक्षा के संबंध में उचित मांग करे।

29. लेखापरीक्षा की प्रक्रिया (आन्तरिक और स्कीम)– पेंशन निधि की आन्तरिक लेखापरीक्षा, स्कीम लेखापरीक्षा और अन्य लेखापरीक्षाएं प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्धारित रीति के अनुसार की जाएंगी।

30. रिपोर्ट प्रस्तुत करना – (1) निरीक्षण या लेखापरीक्षा पूरी होने पर, प्राधिकरण को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी जो उस रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात ऐसी कार्रवाई करेगा जो वह अभिदाताओं के हित में करना उचित व उपयुक्त समझे।

(2) प्राधिकरण, स्वतः संज्ञान से अथवा निरीक्षण रिपोर्ट या लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर, विचार करने के पश्चात जो भी मामला हो, जैसा भी उचित समझे, अपनी ओर से मामले में जांच पड़ताल या पूछताछ करने का आदेश दे सकता है।

31. निरीक्षण या लेखापरीक्षा शुल्क का भुगतान – प्राधिकरण को प्रत्यक्ष या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण या लेखापरीक्षा पर हुए व्यय को विनियम 26 के उप–विनियम (1) के तहत वसूल करने का हक होगा।

32. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा निरीक्षण और लेखापरीक्षा –(1) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास वार्षिक आधार पर, या उस अवधि में जिसका निर्धारण प्राधिकरण द्वारा स्कीम के अनुसार किया जाए, पेंशन निधि का निरीक्षण या लेखापरीक्षा या दोनों, प्रत्यक्ष या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के अनुसार करेगा। पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या

उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को उसके अधिभोग में रखे गए परिसर तक युक्तियुक्त पहुंच, की अनुज्ञा देगा लेखा बहियों, अभिलेखों, दस्तावेजों और उस निरीक्षण या लेखापरीक्षा के लिऐ अपेक्षित सूचना उपलब्ध कराएगा, जो भी मामला हो।

(2) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को प्रत्यक्ष या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण या लेखापरीक्षा कराये जाने पर हुए व्यय को वसूल करने का हक होगा।

(3) लेखापरीक्षा या निरीक्षण के विषय क्षेत्र का निर्धारण प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर किया जाएगा।

अध्याय– 5

व्यतिक्रम के मामले में प्रमाण पत्र निलंबित या निरस्त करना

33. पंजीकरण प्रमाण पत्र को निरस्त या निलंबित करना – (1) प्राधिकरण की किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जिसे कंपनी द्वारा किया गया हो, पेंशन निधि को प्रदान किया पंजीकरण प्रमाणपत्र निम्नलिखित किसी भी स्थिति में निलंबित, निरस्त या वापस लिया जा सकता है, नामतः

क– किसी ऐसी शर्तों और नियमों का पालन करने में असफल रहता है जिसके आधार पर उसे पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है,

ख. इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों या विनियमों या उसके अधीन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों, अधिसूचनाओं, निदेशों, अनुदेशों या परिपत्रों का उल्लंघन करता है,

ग. स्वेच्छा से प्राधिकरण द्वारा दिये पंजीकरण प्रमाणपत्र को वापस करने का अनुरोध करता है,

घ. एक रिसीवर, रिसीवर और प्रबंधक, प्रशासक या समान व्यक्ति परिसम्पतियों, और पेंशन निधि के उद्यमों या प्रायोजक के लिये नियुक्त किया जाता है,

च. पेंशन निधि या पेंशन निधि का प्रायोजक–

(i) परिसमापन हो जाता है (प्राधिकरण द्वारा पूर्व में लिखित अनुमोदित शर्तों पर पुनर्गठन अथवा विलयन के उद्देश्य के अतिरिक्त),

(ii) कारोबार बंद कर देता है,

(iii) पंजीकरण के किसी नियम या शर्त के किसी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसके द्वारा दिये गये प्रतिनिधित्व,वारंटी अथवा उदघोषणा का निष्पादन अथवा अनुपालन करने मे विफल रहता है अथवा प्राधिकरण से नोटिस मिलने से दस कार्य दिवसों में उस उल्लंघन या भूल को ठीक नहीं कर पाता है,

(iv) अपना कारोबार इस प्रकार करता है जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अभिदाताओं के हित में नहीं है,

(v) प्राधिकरण द्वारा आयोजित किसी जांच में सहयोग नहीं करता है,

(vi) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या किसी अन्य पेंशन स्कीम के तहत कारोबार में हेरफेर करता है,

(vii) गलत कारोबारी कार्यकलाप करता है।

छ. यदि पेंशन निधि या प्रायोजक, प्राधिकरण की राय में, पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये भ्रष्ट या छलपूर्ण कार्य करता है या उसे किसी सरकारी प्राधिकरण या विनियामक द्वारा कालीसूची में डाला गया है,

ज. यदि पेंशन निधि या प्रायोजक प्राधिकरण को झूठा बयान या सूचना प्रस्तुत करता है जिसका वस्तुगत प्रभाव प्राधिकरण या अभिदाताओं के अधिकारों, दायित्वों या हितो पर पड़ता है,

झ. यदि पेंशन निधि या प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा यथा अपेक्षित आवधिक विवरणियां प्रस्तुत नहीं करता है,

ञ. यदि पेंशन निधि या प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा उसके पेंशन कारोबार से संबंधित यथा अपेक्षित कोई सूचना प्रस्तुत नहीं करता है,

ट. यदि पेंशन निधि के स्वामित्व, प्रबंधन या प्रमुख अधिकारियों में कोई बदलाव होता है जिससे प्राधिकरण की राय में अभिदाताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है,

ठ. बाजार प्रतिलाभ या समान बेंचमार्क से नीचे विवरणियां प्रमुख रूप से और निरन्तर तैयार करता है,

ड. अभिदाताओं के हितों के विरूद्ध ढंग से काम करता है।

त. प्राधिकरण द्वारा आयोजित किसी जांच में सहयोग नहीं करता है,

थ. अधिनियम की धारा 28 के तहत यथा निर्दिष्ट कोई व्यतिक्रम पूर्ण कार्य करता है,

द. कोई अन्य कारण जिस कारण प्राधिकरण की राय में प्रदान किए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन, निरस्तीकरण या वापस लेना आवश्यक हो।

(2) प्राधिकरण पूर्वाग्रह के बिना, उप–विनियम (1) के पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन, निरस्तीकरण या वापस लेने के बजाय पंजीकरण प्रमाणपत्र की शर्तों को बदलने या संशोधित करने का निदेश दे जिसे वह उचित समझे या कोई अन्य आदेश पारित करे जिसे वह अभिदाताओं के हित में लाभकारी समझता हो, कारणों को लिखित दर्ज किया जाए।

(3) पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन, निरस्तीकरण या वापस लेने के आदेश तब तक जारी नहीं किये जाएंगे जब तक कि संबंधित व्यक्ति को विनियमों के अनुसार जांच में सुनने का उपयुक्त अवसर नहीं दिया जाए।

34. पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन अथवा निरस्तीकरण अथवा अभ्यर्पण करने के प्रभाव – (1) पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन, निरस्तीकरण या वापस लेने की तारीख से, पेंशन निधि –

(क) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अथवा अन्य पेंशन स्कीमों, जो भी मामला हो, के अन्तर्गत कोई नया लेन देन नहीं कर सकता है,

(ख) आस्तियों, अभिलेखों, दस्तावेजों या सूचना के बारे में जो पेंशन निधि के पास या नियंत्रण में हो, एक निर्धारित समय सीमा में और इस प्रकार ऐसी कार्रवाई करे जो संगत विनियमों के तहत अपेक्षित हो या प्राधिकरण द्वारा जैसा निदेश दिया जाए,

(ग) आस्तियों, अभिलेखों, दस्तावेजों या सूचना को जो उसके पास या नियंत्रण में हो, दूसरी पेंशन निधि को प्राधिकरण द्वार निर्दिष्ट ऐसी रीति और प्ररूप में अपने व्यय पर अंतरित करे (घ) पेंशन निधि या प्रायोजक अपने प्रबंधाधीन सभी आस्तियों को अपने खर्चे पर और जब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित हो, सुगम अंतरण के लिये अपेक्षित सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएगा और ऐसी आस्तियों के अंतरण के बारे में ऐसी सार्वजनिक घोषणा या प्रकटीकरण करे जो अभिदाताओं के लिये हितकर हो। वह यह भी सुनिश्चित करे कि संबंधित आस्तियों, अभिलेखों, दस्तावेजों या सूचना का अंतरण प्राधिकरण द्वारा जारी निदेशों के अनुसार किया गया है। पेंशन निधि या प्रायोजक द्वारा किसी प्रकार से असहयोग या बाधा डालने पर पेंशन निधि या उसके प्रायोजक पर जुर्माना लगाया जा सकता है,

(ड.) इन आस्तियों का अंतरण प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा,

(च) पेंशन निधि या प्रायोजक तब तक प्राधिकरण के निदेशों का अनुपालन करेगा जब तक वे सभी अंतरण या कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती या जब तक पंजीकरण प्रमाणपत्र निलंबित रहता है।

35. अभिहित प्राधिकारी की नियुक्ति – (1) जहां अभिहित प्राधिकरण को यह प्रतीत होता है कि पेंषन निधि ने, जिसे इन विनियमों के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है या किसी अन्य संबंधित व्यक्ति ने विनियम 28 में विनिर्दिष्ट प्रकृति की कोई चूक की है वहां वह मुख्य महाप्रबंधक की श्रेणी के किसी अधिकारी को या किसी समतुल्य श्रेणी के किसी अन्य अधिकारी को अभिहित प्राधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगा।

(2) किसी ऐसे अधिकारी की, जिसने अभिकथित अतिक्रमण की बाबत अन्वेषण या निरीक्षण किया है, अभिहित प्राधिकारी के रूप में नियुक्ति नहीं की जाएगी।

36. सूचना का जारी किया जाना – (1) अभिहित प्राधिकारी, यदि उसे ऐसे युक्तियुक्त आधारों का पता चलता है तो वह, पेंशन निधि या किसी संबंधित व्यक्ति को, उससे यह दर्शित करने की अपेक्षा करते हुए कि क्यों न उसे प्रदान किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को निलंबित या रद्द का दिया जाए या क्यों न उसमें उपबंधित कोई अन्य कार्रवाई की जाए, एक सूचना जारी करेगा।

(2) उपविनियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना में, सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा किए गए अभिकथित अतिक्रमण को, अधिनियम, विनियमों, निदेशों या परिपत्रों के उन उपबंधों को उपदर्शित करते हुए, जिनकी बाबत अतिक्रमण करने का अभिकथन किया गया है, विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उपविनियम (1) के अधीन जारी सूचना के साथ ऐसे दस्तावेजों की प्रतियां, जिनका अभ्यारोपण करने में अवलंब किया गया है और दस्तावेजों के सुसंगत भाग के उद्धरण, ऐसी रिपोर्टें, जिनमें किए गए अन्वेशण या निरीक्षण, यदि कोई हो, में दिए गए निष्कर्ष अंतर्विष्ट हों, उपाबद्ध की जाएंगी।

(4) सूचना प्राप्त करनेवाले व्यक्ति से, सूचना में विनिर्दिष्ट ऐसी अवधि के भीतर, जो उसकी तामिल होने की तारीख से इक्कीस दिन से अधिक नहीं होगी, अभिहित प्राधिकारी को एक लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाएगी।

37. सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा उत्तर – (1) सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति, अभिहित प्राधिकारी को सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपना लिखित अभ्यावेदन, उसके समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो, के साथ प्रस्तुत करेगाः

परन्तु अभिहित प्राधिकारी सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा दर्शित पर्याप्त आधारों के आधार पर और ऐसे विस्तार के कारणों को लेखबद्ध करने के पश्चात् सूचना में विनिर्दिष्ट समय को बढ़ा सकेगा।

(2) यदि सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति, उस प्रयोजन के लिए प्रदत्त समय के भीतर हेतु दर्शित करने वाली सूचना का उत्तर नहीं देता है तो अभिहित प्राधिकारी मामले में, ऐसा करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए एकपक्षीय कार्रवाई के लिए अग्रसर हो सकेगा।

38. व्यतिक्रम की दशा में कार्रवाई –अभिहित प्राधिकारी, सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति के अभ्यावेदनों, यदि कोई हो, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों, अधिनियम, विनियमों, प्राधिकरण द्वारा दिए गए निदेशों या परिपत्रों पर विचार करने के प्श्चात् एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा, जहां तथ्यों से यह प्रमाणित होता है वहां निम्नलिखित की सिफारिश करेगा –

(क) विनिर्दिष्ट अवधि के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन;

(ख) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्दकरण;

(ग) आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति को कोई नया कार्य या संविदा प्राप्त करने या नवीन स्कीम प्रारम्भ करने से विवर्जित करना;

(घ) सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति के प्रधान अधिकारी को आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए किसी रजिस्ट्रीकृत मध्यवर्त्ती या अन्य रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के साथ नियोजित या सहयोजित होने से विवर्जित करना;

(ड.) सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति की किसी षाखा या किसी कार्यालय को विनिर्दिष्ट अवधि के लिए कोई क्रियाकलाप करने से विवर्जित करना;

(च.) सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति को चेतावनी देना।

39.सिफारिश पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया – (1) अभिहित प्राधिकारी से कार्रवाई करने की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट प्राप्त होने पर अभिहित सदस्य उस पर विचार करेगा और सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक कारण दर्शित करने वाली सूचना, जिसके साथ अभिहित प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न होगी, जिसमें सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति से इस बारे में कि उसके विरूद्ध कोई कार्रवाई, जिसके अंतर्गत समुचित निदेश पारित करना भी है, क्यों नहीं की जानी चाहिए, लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई हो, जारी करेगा।

(2) सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति, सूचना प्राप्ति के इक्कीस दिन के भीतर अभिहित सदस्य को एक उत्तर भेजेगा जो उस उत्तर पर, यदि सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति से प्राप्त होता है, विचार करने और उस व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, यथासंभव शीघ्रता से समुचित आदेश पारित कर सकेगा और उत्तर प्राप्त होने या सुनवाई करने के एक सौ बीस दिन के भीतर आदेश पारित करने का प्रयास करेगा।

(3) अभिहित सदस्य, जहां प्रश्नगत विषय वस्तु सारवान रूप से समान या समरूप प्रकृति की है, वहां सूचना प्राप्त करने वाले अनेक व्यक्तियों के संबंध में एक समान आदेश पारित कर सकेगा।

40. आदेश की संसूचना – (1) इन विनियमों के अधीन किसी अभिहित प्राधिकारी द्वारा दी गई प्रत्येक रिपोर्ट और अभिहित सदस्य द्वारा पारित प्रत्येक आदेश तारीख सहित हस्ताक्षरित होगा।

(2) इन विनियमों के अधीन पारित प्रत्येक आदेश की प्रति पेंशन निधि या संबंधित व्यक्ति को भेजी जाएगी और उसे प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी डाला जाएगा।

41. शास्ति या न्यायनिर्णयन –पेंशन निधि या किसी संबंधित व्यक्ति पर शास्ति का अधिरोपण, यदि कोई हो, अधिनियम और पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा जांच की प्रक्रिया) विनियम, 2015 के अनुसार किया जाएगा।

42. प्रतिभूति अपील अधिकरण को अपील –पेंशन निधि या कोई अन्य संबंधित व्यक्ति, यदि अभिहित सदस्य द्वारा पारित किसी आदेश से असंतुष्ट है तो अधिनियम की धारा 36 की उपधारा (1) के अधीन प्रतिभूति अपील अधिकरण के समक्ष अपील कर सकेगा।

स्पष्टीकरण – इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए, –

(क) 'अभिहित प्राधिकारी' से विनियम 31 के उपविनियम (1) के अधीन नियुक्त प्राधिकरण का कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(ख) 'अभिहित सदस्य' से प्राधिकरण का तत्प्रयोजनार्थ अभिहित अध्यक्ष या कोई पूर्णकालिक सदस्य अभिप्रेत है;

(ग) 'सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे इस अध्याय के अधीन सूचना जारी की गई है।

अध्याय– 7

विविध

43. **स्पष्टीकरण और निदेश जारी करने के प्राधिकरण की शक्ति**– इन विनियमों के प्रत्ययन या व्याख्या कोई कठिनाई होने पर, प्राधिकरण को टिप्पणियों और परिपत्रों के रूप में स्पष्टीकरण और दिशानिर्देश जारी करने की शक्ति होगी जो पेंशन निधि पर बाध्यकारी होंगे।

44. **निदेश** – इन विनियमों और निदेशों, दिशानिर्देशों और परिपत्रों तथा इन विनियमों के तहत जारी आदेश जो प्राधिकरण द्वारा जारी किये हो सकते हैं, के प्रति किसी पूर्वाग्रह के बिना, प्राधिकरण अभिदाताओं के हित में या पेंशन निधि के उचित प्रबंधन के लिये वांछित निदेश जारी कर सकता है,

परंतु प्राधिकरण कोई निदेश जारी करने से पूर्व संबंधित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने के लिये उपयुक्त अवसर देगाः

परंतु इसके अतिरिक्त यदि परिस्थितियों के कारण कोई अंतरिम निदेश शीघ्र जारी करना अपेक्षित हुआ तो प्राधिकरण निदेश जारी करने के बाद शीघ्र ही संबंधित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने के लिये उपयुक्त अवसर देगा।

IndiaCode

अनुसूची–1

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

[विनियम 9(3) देखिए]

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

पेंशन निधि रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 की धारा 27 की उप–धारा (3) और उसके साथ पठित विनियमों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण .....**.....** को अधिनियम और उसके अधीन निर्मित विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों और निबंधनों के अध्यधीन पेंशन निधि के रूप में कार्य करने के लिए यह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करता है। पेंशन निधि का रजिस्ट्रीकरण कोड.....है।

तारीख :––––––––––

स्थान ––––––––

आदेश द्वारा

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण की ओर से

IndiaCode

अनुसूची – 2

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 8(3)(च) देखें]

'उपयुक्त एवं उचित' के लिये मानदंड

यह निर्धारण करने के लिए कि क्या प्रायोजक या पेंशन निधि एक 'उपयुक्त एवं उचित व्यक्ति' है, प्राधिकरण इसके लिये कुछ भी उपाय, जिसे वह उचित समझे, निम्नलिखित सहित जो आवेदक या मध्यवर्ती , प्रधान अधिकारी और प्रमुख प्रबंधनकर्ता, कुछ भी हो, के संबंध में यहीं तक सीमित नहीं होगा :

(क) वित्तीय निष्ठा,

(ख) अपराधी या सिविल देनदारियां न हों,

(ग) सक्षमता,

(घ) अच्छी ख्याति और चरित्र

(ड.) कुशलता और ईमानदारी, और

(च) वित्तीय शोधन क्षमता और निवल सम्पत्ति

ऐसे प्रायोजक या पेंशन निधि को नियुक्ति के लिये 'उपयुक्त एवं उचित व्यक्ति' नहीं माना जाएगा यदि उसमें निम्नलिखित कोई अयोग्यता हो :–

क– प्रायोजक या पेंशन निधि या उसके प्रधान अधिकारी या प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों को अनैतिकता, आर्थिक अपराध, प्रतिभूतियां कानून या घोखा देने के किसी अपराध में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया हो,

ख– प्रायोजक या पेंशन निधि को समापन आदेश दिये गये हों,

ग– प्रायोजक या पेंशन निधि या उसके प्रमुख प्रवर्तक को दिवालिया घोषित किया गया हो और अभी उससे मुक्त नहीं किया गया हो,

घ– प्रायोजक या पेंशन निधि या उसके प्रमुख अधिकारी या प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों को पूंजी बाजार में प्रतिभूतियों में व्यापार करने या पूंजी बाजार में जाने पर रोक, प्रतिबंधित या विवर्जित करने के लिये आदेश (बिचौलिये के रूप में नियुक्ति को निलंबित करने के आदेश के अतिरिक्त), किसी विनियामक प्राधिकरण या न्यायालय द्वारा जारी किये गये हों और आदेश में उल्लिखित अवधि समाप्त होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि नहीं बीती हो,

ड.– प्राधिकरण या संबंधित वित्तीय क्षेत्र के विनियामक द्वारा शेयरों के परोक्ष लेन देन, धोखाधड़ी एवं अनुचित व्यापारिक गतिविधियां या बाजार संबंधी हेराफेरी के आधार पर प्रायोजक या पेंशन निधि की नियुक्ति के आदेश निरस्त किये गये हों और आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि नहीं बीती हो,

च– प्रायोजक या पेंशन निधि या उसके पूर्णकालिक निदेशक या प्रबंध हिस्सेदार से कोई लाइसेंस वापस लेने या देने या अनुमोदन करने से इंकार करने के आदेश जिसका पूंजी बाजार पर प्रभाव पड़ता हो, संबंधित वित्तीय सेक्टर के विनियामक या किसी अन्य विनियामक प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये हों और आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि नहीं बीती हो, प्राधिकरण कारणों को लिखित में दर्ज करके, प्रायोजक या पेंशन निधि को धारा (घ)(ड.) व (च) में उल्लेखानुसार तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने से पूर्व नियुक्ति के लिये अनुमति दे सकता है,

छ. प्रायोजक या पेंशन निधि वित्तीय आधार पर मजबूत न हो,

ज. किसी सरकारी या सांविधिक प्राधिकरण द्वारा प्रायोजक या पेंशन निधि या उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उसके किसी निदेशक या कर्मचारियों या संबंधित ग्रुप एजेंसी को किसी कार्रवाई, या जांच पड़ताल या किसी अन्य प्रकृति की कोई कार्रवाई करने का नोटिस दिया है जो प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन स्कीमों के प्रायोजक या पेंशन निधि के कारोबार पर रोक लगाते, प्रतिबंध लगाने या अन्य प्रकार से बाधा उत्पन्न करता हो और भारतीय रिजर्व बैंक, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड सहित किसी वित्तीय क्षेत्र के विनियामक द्वारा उसके विरूद्ध इस प्रकार की कोई कार्रवाई की जा रही हो जो प्राधिकरण द्वारा विनियोजित पेंशन स्कीमों के प्रायोजक या पेंशन निधि के रूप में उसकी सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो,

झ. प्राधिकरण द्वारा ऐसे किसी अन्य कारण को लिखित में दर्ज किया जाए जो उसकी राय में उस प्रायोजक या पेंशन निधि या उसके प्रधान अधिकारी या प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों को पेंशन या वित्तीय बाजार में कार्य के अयोग्य ठहराते हों।

स्पष्टीकरण –धारा (छ) के प्रयोजनार्थ, प्राधिकरण प्रायोजक या पेंशन निधि की पूंजी पर्याप्तता या मूर्त निवल मूल्य पर विचार कर सकता है जहां कहीं नियुक्ति के संगत आवेदन में ऐसा उल्लेख किया गया हो।

IndiaCode

अनुसूची – 3

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 4(1), 9(3) और 13 देखें]

विनियमों के अन्तर्गत देय शुल्क

भाग क

प्राधिकरण को देय शुल्क की राशि

शुल्क की प्रकार	राशि	प्रकार/गणना	भुगतान का समय
आवेदन शुल्क	10,00,000 रु.	अप्रतिदेय/सपाट दर	पेंशन निधि के प्रायोजक के रूप में कार्य करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय
पंजीकरण शुल्क	25,00,000 रु.	अप्रतिदेय/सपाट दर	पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करते समय (एक बार)
वार्षिक शुल्क	प्रबंधन के तहत आस्तियों का 0.005 प्रतिशत या 10,00,000 रु., जो अधिक हो	अप्रतिदेय/प्रबंधन के तहत आस्तियों का प्रतिशतः पिछले वित्त वर्ष की 31 मार्च को प्रबंधन के तहत आस्तियों पर विचार किया जाएगा।	प्रत्येक वित्त वर्ष की 15 अप्रैल तक देय या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के बाद पन्द्रह दिनों में

स्पष्टीकरण :

1. इस भाग के प्रयोजनार्थ, ''प्रबंधन के तहत आस्तियां'' का अर्थ होगा कि पेंशन निधि द्वारा धारित आस्तियों का दर्शित मूल्य जैसे कि नीचे भाग–ख के उप–अनुच्छेद 6 के तहत दर्शाया गया है।

2. भाग–क में दर्शित शुल्क ''पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण'' के नाम नई दिल्ली में देय मांग ड्राफ्ट या बैंकर चेक द्वारा या ई–भुगतान द्वारा देय होगा।

3. पेंशन निधि तिमाही आधार पर यथानुपात वार्षिक शुल्क का भुगतान करेगी, यदि कारोबार वर्ष के कुछ भाग में किया गया हो। वार्षिक शुल्क के साथ प्रबंधन के अधीन आस्तियों की विवरणी संलग्न की जाएगी जो प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट फार्मेट में होगी और उसे पेंशन निधि के संचालन प्रमुख द्वारा सत्य एवं सम्पूर्ण प्रति सत्यापित किया जाएगा। पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा निर्धारण निर्दिष्ट विस्तारण काल शुल्क का भुगतान करेगी यदि पंजीकरण के लिये निर्धारित समय सीमा में विस्तारण प्रदान किया गया हो।

4. प्राधिकरण को सभी या कोई शुल्क समय–समय पर संशोधित करने का अधिकार होगा।

अनुसूची – 4

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 11(3) देखें]

कारोबार आरंभ करने के लिये प्रमाण पत्र

———————————————— जिसे पेंशन निधि के रूप में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र ——————पर —————— को एत्तद्वारा पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेशन योजनाओं के लिए पेंशन निधि के रूप में कारोबार शुरू करने के लिए..... तिथि .....20 को अनुज्ञा प्रदान करता है

IndiaCode

स्थान :

आदेश द्वारा

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण की ओर से

अनुसूची – 5

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 12(ज), 22(8) देखें]

रिपोर्टें और प्रकटन

1. **एनपीएस न्यास, पीएफआरडीए, सीआरए और अन्य पक्षों को रिपोर्टिंग**

पेंशन निधि आवधिक रिपोर्टें तथा वह सूचना और दस्तावेज प्रस्तुत करेगी जो प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास और केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण द्वारा समय–समय पर यथा अपेक्षित होंगे। इसमें शामिल होगा किंतु जो निम्नलिखित तक ही सीमित नहीं है –

क. **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को सांकेतिक रिपोर्टें**

प्रत्येक क्रमिक अवधि की लिखित रिपोर्टें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को अवधि के अंतिम दस दिनों में भेजनी चाहिए यदि रिपोर्टें मासिक या तिमाही या छमाही या वार्षिक हों और उनमें कम से कम, अवधि की अंतिम तारीख की निम्नलिखित सूचना अवश्य शामिल हो।

रिपोर्ट	विषय
मासिक	
प्रपत्र 1	एयूएम और यूनिटों का समाधान
प्रपत्र 2	स्कीम सी जी के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 3	स्कीम एसजी के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 4	स्कीम ई–टीयर 1 के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 5	स्कीम सी–टीयर 1 के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 6	स्कीम जी–टीयर 1 के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 7	स्कीम ई–टीयर 2 के लिये पोर्टफोलियो मूल्य का ब्योरा
प्रपत्र 8	स्कीम सी–टीयर 2 के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 9	स्कीम जी–टीयर 2 के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 10	स्कीम एनपीएस लाइट के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 11	स्कीम कारपोरेट सीजी के लिये पोर्टफोलियो का ब्योरा
प्रपत्र 12	पेंशन निधि द्वारा किये क्रयों और बिक्री की विवरणी
प्रपत्र 13	अवधि के दौरान प्राप्त या प्रोद्भूत राशि
प्रपत्र 14	ग्रुप कंपनियों/पीएफ एसोशियट्स में प्रतिभूतियों में लेन देन पर रिपोर्ट
प्रपत्र 15	डाउन ग्रेडेड निवेशों की विवरणी
एमसी	मासिक अंतराल पर अनुपालन प्रमाण पत्र
तिमाही	
प्रपत्र 1क	पीएफ के प्रमुख कार्मिकों द्वारा अपने नाम में प्रतिभूतियों में लेन देन की रिपोर्ट
प्रपत्र 1ख	किसी पीएफ एसोशियट से प्रतिभूतियों में लेन देन की रिपोर्ट
प्रपत्र 2	पोर्टफोलियो परिदृश्य
प्रपत्र 3	म्यूचुयल फंड निवेशों की विवरणी
प्रपत्र 4	तिमाही आधार पर बाजार मूल्य
प्रपत्र 5	निवेश पोर्टफोलियो का ब्योरा – परिपक्वता राशि एवं अतिदेय निवेश (एनपीए) स्थिति प्रतिभूति बाजार के लिये संभावना
प्रपत्र 6	पोर्टफोलियो में स्थिति और परिस्थितियों के मूल्यांकन सहित पोर्टफोलियो का परिदृश्य क. वर्तमान आर्थिक स्थिति ख प्रतिभूतियों के बाजारों के लिये संभावना , ग. पोर्टफोलियों में संव्यवहारों और स्थितियों के लिए औचित्य घ. पिछली तिमाही (और वर्ष जब लागू हो) में निरपेक्ष आधार एवं सापेक्ष आधार पर विशेष बाजार बेंचमार्क की निष्पादकता, ड. पोर्टफोलियो के प्रतिलाभों के लिये दृष्टिकोण क्यूसी तिमाही अंतराल पर अनुपालन प्रमाणपत्र

IndiaCode

अर्ध वार्षिक

छमाही 1	स्कीम लेखा विनियमों के अनुसार स्कीमों की छमाही असंपरीक्षित लेखाओं की एक प्रति (प्रत्येक छमाही बंद होने से एक माह के अंदर)
एच0वाई0सी0	छमाही अंतराल पर अनुपालन प्रमाण पत्र

वार्षिक

ए 1	प्रायोजक के विनियामक लाइसेंसों की वर्तमान स्थिति की विवरणी और पीएफ कंपनी या प्रायोजक के नाम या पूंजीकरण में किन्हीं परिवर्तनों का ब्योरा।
ए 2	प्रोदभूत ब्याज की राशि दर्शाने वाली विवरणी किंतु वित्त वर्ष बंद होने की तारीख तक जिसकी वसूली नहीं हुई।
ए 3	स्कीमओं, पीएफ और उसके एसोशियट्स के बीच हुई सभी सेवा संविदाएं (बाह्य गतिविधियों सहित)।
ए 4	सभी सेवा संविदाएं जैसे प्रतिभूतियों की अभिरक्षा व्यवस्थाएं तथा अंतरण एजेंसी, जो अभिदाताओं के हित में निष्पादित किए गए।
ए 5	सभी कार्यकलापों का संक्षिप्त ब्योरा और विनियमों तथा दिशानिर्देशों का अनुपालन।
ए 6	असंपरीक्षित वार्षिक रिपोर्ट तथा स्कीम लेखा विनियमों के अनुसार निवेश सहित अन्य सूचना की प्रति। (प्रत्येक वित्त वर्ष बंद होने की तारीख से साठ दिनों में)
ए 7	प्रत्येक स्कीम की असंपरीक्षित अंनन्तिम वित्तीय विवरणी की प्रति (तुलन–पत्र, राजस्व लेखा, नोट्स एवं अनुसूचियां)। (प्रत्येक वित्त वर्ष बंद होने की तारीख से तीस दिनों में)
ए 8	वोटिंग रिपोर्ट एवं डाले गये वोटों की संख्या (समर्थन में, विरोध में या नहीं डाला) और एक बयान कि क्या पेंशन निधि ने ग्राहकों के हित में अपना वोट डालने के दायित्व का निर्वहन किया।
ए 9	निदेशकों के हितों में कोई परिवर्तन प्रत्येक छमाही
एसी	वार्षिक अंतराल पर अनुपालन प्रमाण पत्र

तदर्थ

एम 1	उसके सभी निदेशकों का जीवन वृत्त तथा अन्य कंपनियों में उनका हित, उनकी नियुक्ति से 15 दिन में
एम 2	हितों में टकराव
एम 3	अन्य वह सभी सूचनाएं जिसे एनपीएस न्यास द्वारा आवश्यक समझा गया।

ख. **प्राधिकरण को रिपोर्टें**

1. रिपोर्टों के अतिरिक्त, पेंशन निधि इस अनुसूची के अनुच्छेद 2 के अनुसार प्रकटीकरण करेगा।
2. प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित कोई अन्य सूचना
3. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा प्राधिकरण को अपवादात्मक रिपोर्टिंग
4. राष्ट्रीय पेंशन न्यास पेंशन निधि के परिचालनों के बारे में प्राधिकरण को आवधिक आधार पर सूचित करेगा

ग. **केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण को रिपोर्टें**

पेंशन निधि निम्नलिखित के लिये केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी से सम्पर्क करेगी –

1. निर्दिष्ट प्ररूप में रिपोर्टें भेजना और प्राप्त करना,
2. केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी द्वारा निवेश संबंधी अनुदेशों का समेकन और संकलन,

IndiaCode

3. पेंशन निधि द्वारा केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी को पुष्टि रिपोर्ट

4. पेंशन निधि द्वारा दैनिक निवेश रिपोर्ट

5. पेंशन निधि की स्कीमवार भुगतान स्थिति की केन्द्रीय अभिलेखपाल अभिकरण को रपोर्ट

6. प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर यथा निर्दिष्ट निवल आस्ति मूल्यों की दैनिक रिपोर्ट

7. विभिन्न निवेश स्कीमों ं पर पेंशन निधि द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास से प्राप्त निवल निधि की लेखा रिपोर्ट

8. निवल भुगतान पर विसंगति/पुष्टि रिपोर्ट

9. निवल आस्ति मूल्यों के अनुसार स्कीमों की दैनिक निष्पादकता रिपोर्टें

घ. **अन्य पक्षों को रिपोर्टें**

1. पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास, न्यासी बैंक, अभिरक्षक तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से संबंधित अन्य निकायों द्वारा यथा अपेक्षित ये रिपोर्टें भेजेगी जैसेकि प्राधिकरण और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर निर्धारित किया जाता है।

2. पेंशन निधि स्कीम में शामिल विभिन्न स्कीमों ं के कारोबारी मूल्य और निवल आस्ति मूल्य की गणना के आधार को प्रकट करेगा और अभिदाताओं को उन अंतरालों पर जिन्हें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास और प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है, सूचित करेगी।

2. **सार्वजनिक प्रकटीकरण – विनियम 22(8) के तहत**

क. पेंशन निधि से प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट प्रकटीकरण अपेक्षाओं का अनुपालन करने की आशा की जाएगी ।

ख. प्राधिकरण द्वारा सभी पणधारकों के हित में सूचना के संप्रेषण में एकरूपता और समय पर भेजना सुनिश्चित करने के लिये, निम्नलिखित सार्वजनिक प्रकटीकरण सुनिर्धारित किये गये हैं :–

क्रमांक	**ब्योरा**	**आवृति**	**फार्मेट**	**समय सीमा**	**वेबसाइट पर उप– शीर्षक**
1	नवीनतम निवल आस्ति मूल्य (एन0ए0वी0) (स्कीम–वार)	दैनिक	चार दशमलव प्वाइंट तक	उसी दिन सायं 9.00 बजे तक	एनएबी पूर्ववृत्त
2	एन0ए0वी0 पूर्ववृत्त(प्रारंभ से स्कीमवार –अंक तालिका व ग्राफ, दोनों में)	दैनिक	चार दशमलव प्वाइंट तक	उसी दिन सांय 9.00 बजे तक	एनएबी पूर्ववृत्त
3	प्रत्येक स्कीम के पोर्ट फोलियो का स्क्रिपवार ब्योरा	मासिक	**नीचे दिया गया है**	माह के अंत से 10 दिन के अंदर	पोर्टफोलियो ब्योरा
4	असंपरीक्षित वित्तीय विवरणी तथा स्कीम पोर्टफोलियो की विवरणी*	छमाही	**नीचे दिया गया है** (प्रत्येक स्कीम के पोर्टफोलियों का स्क्रिप वार ब्योरा)	प्रत्येक छमाही बंद होने से एक माह बीतने से पूर्व	वित्तीय
5	वार्षिक रिपोर्ट (वित्त सहित) तथा प्रत्येक स्कीम का पोर्टफोलियो ब्योरा **	वार्षिक	**नीचे दिया गया है** (प्रत्येक स्कीम के पोर्टफोलियों का स्क्रिप वार ब्योरा)	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास से अनुमोदन के बाद (15 दिन में)	वित्तीय
6	निवेश नीति और निवेश समीक्षा तंत्र	हर समय पर अद्यतन स्थिति	–	बोर्ड से अनुमोदन के बाद 10 दिन में	नीति
7	वार्षिक रिपोर्ट और पेंशन निधि के वित्तीय आंकड़े	वार्षिक	–	एजीएम के बाद (10 दिन में)	वित्तीय
8	स्कीमवार शुल्क (पेंशन निधि द्वारा शुल्क में परिवर्तन होने पर भी साथ ही सार्वजनिक नोटिस को उसकी वेबसाइट पर डाल दिया जाए)	वार्षिक	–	संशोधित होने पर अद्यतन किया जाए (4 दिन में)	निवेश निवेश प्रबंधन शुल्क

IndiaCode

*'वित्तीय विवरणियों' में तुलन–पत्र, राजस्व लेखा और नोट्स, अनुसूचियां और अन्य महत्वपूर्ण रिपोर्टें शामिल होती हैं।

**'वार्षिक रिपोर्ट' की सामग्री में वित्तीय विवरणियां और अनुसूची–8 में लेखापरीक्षक रिपोर्ट शामिल होती हैं।

ग. पेंशन निधियों को परामर्श दिया जाता है कि उपर्युक्त सार्वजनिक प्रकटीकरण उनकी अपनी–अपनी वेबसाइटों में मुख्य पृष्ठ पर प्रमुख स्थान पर शीर्षक 'सार्वजनिक प्रकटीकरण' और उप–शीर्षक जैसे एनएबी, पोर्टफोलियो ब्योरा, वित्तीय ब्योरा, लागू नीतियां आदि के साथ प्रकाशित किया जाए।

प्रत्येक स्कीम के पोर्टफोलियो का स्क्रिप–वार ब्योरा

पेंशन निधि का नाम :

स्कीम का नाम :

पोर्टफोलियो विवरणी ..... को (माह अंत)

लिखत का नाम	आईएसआईएन नं0	उद्योग	मात्रा	बाजार मूल्य	पोर्टफोलियो का प्रतिशत	रेटिंग
इक्विटी लिखत						
शेयर						
1.						
2.						
3.						
इक्विटी आधारित म्युचुअल फंड						
इक्विटी ईटीएफ						
ऋण लिखत						
केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियां						
1.						
2.						
राज्य सरकारों के ऋण						
1.						
2.						
पीएसयू/पीएफआई बांडस्						
1.						
2.						
प्राइवेट कारपोरेट बांडस						
1.						
2.						

IndiaCode

बैंक सावधि जमा (> 1 वर्ष)

1.

2.

उपहार म्युचुअल फंड

1.

2.

पूंजी बाजार के लिखत :–

राजकोष बिल :

1.

2.

जमाओं/वाणिज्यिक पत्रों के प्रमाण पत्र

1.

2.

लंबित आबंटन का आवेदन

1.

2.

बैंक सावधि जमा (< 1 वर्ष)

1.

2.

नकद/नकद समकक्ष एवं निवल चालू आस्तियां

1.

2.

कुल योग

पोर्टफोलियो की औसत परिपक्वता (वर्षों में)

संशोधित अवधि (वर्षों में)

परिपक्वता पर लाभ (प्रतिशत)

(वार्षिकी) (बाजार मूल्य पर)

क्रेडिट रेटिंग एक्सपोजर

केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियां

राज्य सरकारों के ऋण

एएए/समकक्ष

ए1+ (वाणिज्यिक पत्रों के लिए)

एए+ /समकक्ष

एए/समकक्ष

एए -/समकक्ष

IndiaCode

ए+ /समकक्ष

ए /समकक्ष

ए- /समकक्ष

बीबीबी+ /समकक्ष

बीबीबी/समकक्ष

बीबीबी- /समकक्ष

निम्न (निवेश ग्रेड से नीचे)

(उपर्युक्त निवल एनपीए में से)

कुल

बैंक सावधि जमा

इक्विटी

इक्विटी म्युचुअल फंड

पूंजी बाजार म्युचुअल फंड

नकद/नकद समतुल्य निवल चालू आस्तियां

लंबित आबंटन का आवेदन –

एनसीडी

अन्य

कुल योग

बकाया यूनिटें

एनएवी

1. समग्र पोर्टफोलियो को चाहे मात्रा कुछ भी हो, प्रत्येक उप–ग्रुप में बाजार मूल्य और किसी भी स्क्रिप के एनएवी का प्रतिशत उसके महत्व के घटते क्रम में दर्शाएं। यदि किसी प्रतिभूति के पोर्टफोलियो का प्रतिशत 0.01 प्रतिशत से कम हो, तो उसे 0.00 में दर्शाने के बजाय स्टार या किसी अन्य चिन्ह से दर्शाएं।

2. ऋण लिखतों के सामने स्टार/अन्य उपयुक्त चिन्ह लगाएं जिसे प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए वर्गीकृत किया गया हो।

4. निम्नलिखित सूचना पादटिप्पणियों में दी जा सकती है :

क. कुल एनपीए और एनएवी में उनका प्रतिशत

ख. चल इक्विटी शेयरों का कुल मूल्य और प्रतिशत

ग. अवधि के आरंभ और अंत में एनएवी

घ. अवधि के अंत में व्युतपन्न लिखतों में कुल बकाया निवेश

3. कुल **'आधारिक निवेश'** को पाद टिप्पणियों में दर्शाएं।

IndiaCode

अनुसूची – 6

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

(विनियम 12(ट), 21 देखें)

आचार संहिता

1. अभिदाता का संरक्षण

(क) निवेशक/प्राधिकरण/राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास (एनपीएस न्यास)

पेंशन निधि अभिदाताओं के हितों के संरक्षण के लिये सभी प्रयास करेगी और प्राधिकरण/राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को अभिदाताओं की जरूरतों के लिये उत्तम संभव सेवा उपलब्ध कराएगी और वातावरण को अच्छा बनाएगी एवं अपनी व्यावसायिक दक्षता से दर्शाएगी।

(ख) सेवा का उच्च स्तर

पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि वह स्वयं और उसके प्रमुख प्रबंधन कार्मिक, कर्मचारी, संविदाकार और एजेंट अपने कारोबार के संचालन में सत्यनिष्ठा, प्रतिष्ठा, निष्पक्षता, नैतिकता और व्यावसायिक निपुणता को दर्शाएंगे और सभी कारोबारी गतिविधियां शीघ्रता, प्रभावी ढंग और कुशलतापूर्वक की जाएंगी। पेंशन निधि अपने कर्मचारियों और एजेंटों के कारोबार संबंधित कार्यों तथा गलतियों के लिये उत्तरदायी होगी।

(ग) वांछित कर्मठता बरतना तथा टकराव नहीं

पेंशन निधि अपने नियुक्त कर्मचारियों पर सेवा के उच्च स्तर, वांछित दक्षता व निपुणता का हर समय प्रदर्शन करके उचित देखभाल सुनिश्चित करेगी और स्वतंत्र व्यावसायिक निर्णय लेगी तथा अन्य मध्यस्थों के साथ मिल कर कभी भी कोई ऐसा कार्य नहीं करेगी जो अभिदाताओं के लिये हानिकर हो।

(घ) शुल्क

पेंशन निधि प्राधिकरण द्वारा किये निर्धारण अनुसार अपनी प्रदत्त सेवाओं के लिये प्रभार/शुल्क तय करेगी।

2. राशि संवितरण

पेंशन निधि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं की ओर से स्कीम खातों में प्राप्त या संकलित लाभांश, ब्याज या अन्य कोई प्रोद्भूत आय को शीघ्रतापूर्वक जमा करेगी।

3. सूचना का प्रकटीकरण

(क) पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं को विस्तारपूर्वक और समय पर सूचित किया जाए ताकि वे संतुलित और सूचना अनुसार निर्णय ले सकें।

(ख) पेंशन निधि कोई गलत सूचना नहीं देगी और सुनिश्चित करेगी कि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं को प्रेषित कोई सूचना भ्रामक न हो।

(ग) पेंशन निधि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं को ना तो मौखिक या लिखित बयान, और न ही अपनी योग्यता या कुछ सेवाओं के लिये अपनी क्षमता या अन्य प्राधिकरणों, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यासों या अभिदाताओं को दी गई अपनी उपलब्धियों के बारे में कोई बढ़ाचढ़ा कर बयान देगी।

(घ) पेंशन निधि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं के बारे में उसकी जानकारी में आई किसी भी गोपनीय सूचना को मौखिक या लिखित में, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में किसी को नहीं बताएगी, सिवाय जब किसी समय विशेष पर लागू नियम के अनुसार सूचना बताना अपेक्षित होगा, तो प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की पूर्व अनुमति लेगी।

4. हित टकराव

(क) पेंशन निधि हितों के टकराब से बचेगी और अपने हितों को पर्याप्त रूप में स्पष्ट करेगी। पेंशन निधि अपने हितों के किसी टकराब को निपटाने के लिये एक तंत्र की स्थापना करेगी जिसके अनुसार अपने कारोबार के संचालन के दौरान उठे किसी टकराव या जब कोई टकराव उत्पन्न हो ही जाता है, उसका निपटान किया जाएगा। पेंशन निधि प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं को अपनी ड्यूटी निर्वहन के दौरान कर्तव्यों और हितों के टकराव के संभावित स्रोतों के बारे में सूचित करेगी क्योंकि उनसे उसकी निष्पक्ष, उद्देश्यमूलक सेवाओं की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

(ख) पेंशन निधि या उसका कोई निदेशक, या कर्मचारी या सम्बद्ध पेंशन निधि न तो अपने खाते से या अपने–अपने खातों से या अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों या मित्रों के माध्यम से किसी अन्तः कारोबार में भागीदारी की जाएगी।

5. अनुपालन और कारपोरेट अभिशासन

5.1 पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि अच्छी कारपोरेट नीतियां और कारपोरेट अभिशासन हो। वह देश में किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में छलपूर्ण और हेराफेरी वाले लेन देन नहीं करेगी और किसी भी अनुचित प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी (जिनमें अन्य मध्यस्थों, प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को उकसाने वाले अनुचित तरीके भी शामिल हैं) जिससे उन मध्यस्थों या अभिदाताओं के हितों को हानि होने की संभावना हो या उन मध्यस्थों को प्रतियोगिता में या कोई कार्यभार संभालने से नुकसान हो सकता हो।

5.2 पेंशन निधि यह सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त और आवश्यक कदम उठाएगी कि डाटा और अभिलेख रखने में निरन्तरता बनी रहे और डाटा या अभिलेख गुम या नष्ट न हो जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इलैक्ट्रॉनिक अभिलेख और आंकड़े, अद्यतन बैक–अप उसके पास सदैव उपलब्ध हो।

5.3 पेंशन निधि प्राधिकरण या प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किसी अन्य मध्यस्थ के साथ, जब कभी अपेक्षित हो और प्राधिकरण को प्रस्तुत किन्हीं दस्तावेजों, रिपोर्टों, पेपरों या सूचना में किसी तथ्य को छुपाएंगी नहीं या झूठा बयान नहीं देगी या प्राधिकरण या अन्य एजेंसी को जिसके साथ यह पंजीकृत है, वे बहियें, दस्तावेज, पत्राचार तथा पेपर या उसका कुछ हिस्सा, जिसकी समय–समय पर मांग/अनुरोध किया गया हो, प्रस्तुत करने से इंकार नहीं करेगी या लापरवाही नहीं बरतेगी।

5.4 पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि पंजीकरण की स्थिति में कोई बदलाव या प्राधिकरण द्वारा कोई दंडनीय कार्रवाई या वित्तीय स्थिति में कोई ठोस बदलाव जिससे अभिदाताओं के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो, प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को शीघ्र सूचित किया जाए या और कोई मामला लंबित चल रहा हो तो उसे प्राधिकरण और संबंधित विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अंतरित कर दिया जाए।

5.5 पेंशन निधि ज्ञान और दक्षता का एक उपयुक्त स्तर बनाए रखेगी और किसी नियम, विनियम, केन्द्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एक्सचेंज बोर्ड, स्टॉक एक्सेंज या किसी अन्य सांविधिक या स्व–विनियामक या अन्य निकाय, जो भी मामला हो, और ऐसी पेंशन निधि द्वारा किये जा रहे कारोबार के संबंध में पेंशन निधि पर लागू हों, के परिपत्रों तथा दिशानिर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन करेगी। प्रतिभूतियों का अभिरक्षक पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (अभिदाता की शिकायत का निवारण) विनियम 2015, के अंतर्गत लोकपाल द्वारा दिए गए निर्णय का अनुपालन करेगा।

5.6 पेंशन निधि सुनिश्चित करेगी कि किसी कानून, नियम, विनियम और प्राधिकरण या किसी अन्य विनियामक निकाय के निदेशों के उल्लंघन या अनुपालन नहीं करने के कारण उसके विरूद्ध की जारही किसी कार्रवाई, विधिक कार्यवाही के बारे में प्राधिकरण को शीघ्र सूचित किया जाए।

6. पेंशन निधि की बुनियादी अपेक्षाएं

क. पेंशन निधि की अपनी आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली और वित्तीय तथा परिचालनात्मक क्षमताएं होंगी जिनसे उसके परिचालनों, प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास या अभिदाताओं या अन्य पंजीकृत निकायों को चोरी, धोखाधड़ी, और अन्य बेईमानी वाले कार्यों, व्यावसायिक कदाचार या गलतियों से संरक्षण प्राप्त होने की काफी संभावना हो।

ख. पेंशन निधि जो प्राधिकरण में किसी अन्य रूप या श्रेणी में भी पंजीकृत हो, सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि पेंशन निधि और अन्य अनुमत्य कार्यकलापों के रूप में किए जाने वाले कार्यों के बीच उसकी जनशक्ति और बुनियादी ढांचे से निकट सम्बन्ध बनाये रखे जाएं।

ग. पेंशन निधि अपनी सेवाओं को प्राधिकरण, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की संतुष्टि के अनुसार सम्पन्न करने के लिये पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं स्थापित करेगी और उनका रख रखाव करेगी और मध्यस्थों की परिचालन प्रक्रियाओं और प्रणालियों का प्रलेखन होगा एवं उनके लिये परिचालन संबंधी मैनुअल होंगे।

घ. पेंशन निधि अपनी सभी गतिविधियों से संबंधित सभी दस्तावेजों और आंकड़ों का अभिलेख इस प्रकार तैयार करेगी जिससे किसी कारणवश मूल अभिलेख या दस्तावेज गुम होने की दशा में उन दस्तावेजों या आंकड़ों को आसानी से उपलब्ध कराया जा सके।

ड़. (क) पेंशन निधि या उसका कोई कर्मचारी, किसी प्रतिभूति में निवेश के लिए सार्वजनिक रूप से सुगम मीडिया में, चाहे रियल–टाइम हो या नॉन–रियल–टाइम, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रचार नहीं करेगा, जब तक कि उसके हित तथा प्रतिभूति में दीर्घ या अल्पकालिक पोजीशन को सूचना देते समय बताया नहीं गया हो।

(ख) यदि पेंशन निधि का कोई कर्मचारी ऐसी सूचना दे रहा हो तो वह सूचना देते समय कथित प्रतिभूति में अपने आश्रित परिवार सदस्यों व नियोक्ता के हितों, अपनी दीर्घ या अल्प कालिक स्थिति, को भी बताएगा।

अनुसूची – 7

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 15,16.17,18, और 19देखें]

वित्तीय विवरणियां और लेखा–परीक्षा रिपोर्ट

वार्षिक रिपोर्ट

1. वार्षिक रिपोर्ट

प्रत्येक पेंशन निधि एक समेकित वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी जिसमें उसके प्रबंधाधीन सभी स्कीमों की वित्तीय विवरणियां शामिल होंगी।

वार्षिक रिपोर्ट में शामिल होगा –

1. वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्येक स्कीम के परिचालनों की रिपोर्ट और आर्थिक स्थिति
2. इन विनियमों की अनुसूची के अनुच्छेद 2 व 3 के अनुसार लेखांकन नीतियां, तुलन–पत्र और राजस्व लेखा
3. इस अनुसूची के अनुच्छेद 4 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट
4. निम्नलिखित पक्षों पर संक्षिप्त विवरणियां, नामतः –

क. पेंशन निधि की देयताएं और उत्तरदायित्व

ख. प्रत्येक स्कीम के निवेश उद्देश्य

ग. स्कीम में निवेशों का आधार और नीति

घ. यदि स्कीम शेयरों, बांडों, डिबेंचरों और अन्य स्क्रिपों या प्रतिभूतियों में अंशतः या पूर्ण निवेश की अनुमति देती है जिनके मूल्य घटते–बढ़ते रहते हैं, निम्नलिखित प्रकार से एक उल्लेख किया जाए –

''यूनिटों का मूल्य और मोचन मूल्य और उनसे प्राप्त आय बढ़ या घट सकती है जो किए गए निवेशों के बाजार मूल्य की घट–बढ़ पर निर्भर करेगा।''

ड़. स्कीम की निष्पादकता पर अन्य बेंचमार्क आय से संभावित तुलना करते हुए पूर्ण औचित्य के साथ टिप्पणी दी जाए यदि कोई हो , जैसा प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया जाए।

च. इस अनुसूची के अनुच्छेद 5 के अनुसार स्कीमों के 'मुख्य आंकड़ों' के साथ विवरणी

छ. इस अनुसूची के अनुच्छेद 6 के अनुसार तुलन–पत्र का संक्षिप्त रूप

ज. इस अनुसूची के अनुच्छेद 7 के अनुसार राजस्व लेखा का संक्षिप्त रूप

झ. इस अनुसूची के अनुच्छेद 8 के अनुसार लेखा टिप्पणियां

2. तुलन–पत्र की सामग्री

1. तुलन–पत्र में उसकी परिसम्पतियों और देयताओं के स्कीम अनुसार ब्योरे दिए जाएंगे। इसमें लेखा नीतियों, निवेशों के मूल्यांकन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों का भी उल्लेख किया जाएगा।
2. तुलन–पत्र में प्रत्येक प्रकार के निवेश के तहत अनुपयोज्य निवेशों के अंकित मूल्य और बाजार मूल्य का कुल योग दर्शाया जाएगा।
3. तुलन–पत्र लेखा वर्ष के अंत में प्रति यूनिट का निवल आस्ति मूल्य दर्शाएगा।
4. तुलन–पत्र प्रत्येक मद के सामने, पिछले वित्त वर्ष के अंत में उनके आंकड़े दर्शाएगा।
5. तुलन–पत्र की टिप्पणियों में निवेशों के बारे में निम्नलिखित सूचना दर्शाएगा –

क. तुलन–पत्र में दिये मुख्य वर्गीकरण के तहत सभी निवेशों को समूहबद्ध किया जाएगा,

ख. प्रत्येक मुख्य वर्गीकरण के तहत, प्रत्येक मुख्य उद्योग ग्रुप के तहत आने वाले निवेशों के कुल मूल्य को (जो मुख्य वर्गीकरण में कुल निवेश का 5 प्रतिशत से कम न हो) दर्शाया जाएगा साथ ही वर्गीकरण में कुल निवेश की तुलना में उनका प्रतिशत भी दिया जाएगा,

ग. निवेशों की विवरणी जिसमें उन कंपनियों के नाम दिए जाएंगे जिनमें निवेश किया गया है तथा प्रत्येक कंपनी में प्रत्येक स्कीम में निवेश की राशि और सभी स्कीमों द्वारा पेंशन निधि के एसोशियटों व ग्रुप कंपनियों में किए गए सकल निवेश को दर्शाया जाएगा, यदि कोई हो।,

घ. यदि सेवाओं के लिये दलाली, अभिरक्षा शुल्क या कोई अन्य प्रभारों का भुगतान किसी निकाय को किया गया या भुगतान करना है जिसमें पेंशन निधि या उसके प्रमुख शेयर धारकों का भारी हित है (इक्विटी पूंजी का 10 प्रतिशत से कम न हो), उन सेवाओं के लिए राजस्व खाते या निवेश की लागत के रूप में नामे की राशि को अलग से पेंशन निधि के ब्याज उसके अधिकांश शेयरधारकों के हित के साथ दर्शाया जाएगा,

ड. वह आधार जिसके अनुसार पेंशन निधि को शुल्क का भुगतान किया गया और उसकी गणना,

IndiaCode

च. वर्ष के दौरान निवेशों की खरीदों और बिक्रियों का सकल मूल्य और औसत दैनिक निवल आस्ति मूल्य के प्रतिशत के रूप में दर्शाया जाएगा,

छ. जहां निष्क्रिय निवेश जिसे "सद्भाव" में मूल्यांकित किया गया, वर्ष के अंत में प्रबंधाधीन आस्तियों के 5 प्रतिशत से अधिक हो जाये, ऐसे निवेशों का सकल मूल्य,

ज. यूनिट पूंजी में हलचल को दर्शाया जाएगा,

झ. स्कीम के कुल मूल्य में निवेशों से अप्राप्त मूल्य ह्रास या अधिमूल्यन शामिल होगा,

6. संदिग्ध जमाओं, संदिग्ध ऋणों और संदिग्ध बकायों के लिये प्रावधान और प्रोदभूत आय को तुलन पत्र की देयता पक्ष में प्रावधानों के तहत शामिल नहीं किया जाएगा, किंतु उसके संगत आस्तियों के सकल मूल्य से कटौती के रूप में दर्शाया जाएगा,

7.. सभी आकस्मिक देयताओं को दर्शाया जाएगा जिनमें अंशतः चुकता शेयरों पर अनपेक्षित देयता और ब्योरे सहित अन्य प्रतिबद्धताओं को अलग से दर्शाया जाएगा,

8. लेखांकन नीतियां अनुसूची के अनुच्छेद 9 के अनुसार होंगी।

तुलन–पत्र के मुख्य शीर्षक

तुलन–पत्र का परिसम्पति पक्ष

1. तुलन–पत्र की परिसम्पतियों को निम्नलिखित श्रेणियों में समूहबद्ध किया जाएगा –

– निवेश (दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन)

– जमा

– अन्य चालू परिसम्पतियां

2. निवेश (दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन)

निम्नलिखित प्रकार के निवेशों को अलग से दर्शाया जाएगा (केवल वे शीर्षक जिनके अन्तर्गत निवेश करने की अनुमति दी गई है);

क. इक्विटी शेयर

ख. अधिमान्य शेयर

ग. डिबेंचर और बांड जो मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं/प्रतीक्षा में हैं,

घ. केन्द्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियां (राजकोष बिलों सहित)

ड. वाणिज्यिक पत्र

च. अन्य – म्यूचुअल फंड आदि

3. जमा राशियां

मुख्य रूप से :

– अनुसूचित बैंकों में जमा राशियां

– अन्य

4. अन्य मौजूदा परिसम्पतियां

मुख्य रूप से :

– बैंकों में चालू/बचत खातों में जमा शेष

– दस्ती रोकड़

– विविध देनदार

– निवेशों की बिक्री के लिये निविदाएं

– बकाया और प्रोदभूत आय

– अग्रिम, जमा राशियां आदि

IndiaCode

– शेयर/डिबेंचर/अन्य आवेदन राशि जिसका आबंटन लंबित है (प्रतिभूति के नाम के साथ उसका समय–वार उल्लेख किया जाए)

– अन्य

तुलन–पत्र का देयता पक्ष

1. तुलन–पत्र के देयता पक्ष को निम्नलिखित वर्गों में विभाजित किया जाएगा –

   क. यूनिट पूंजी

   ख. आरक्षित और अधिशेष

   ग. चालू देयताएं और प्रावधान

2. यूनिट पूंजी :

   मुख्य रूप से :

– प्रारम्भिक पूंजी

– यूनिट पूंजी (यूनिटों की संख्या और प्रति यूनिट के अंकित मूल्य सहित)

3. आरक्षित एवं अधिशेष :

   मुख्य रूप से :

– यूनिट प्रीमियम रिजर्व (वैकल्पिक)

– सामान्य रिजर्व

– कोई अन्य रिजर्व (उसकी प्रकृति दर्शाते हुए)

– विनियोजन खाता

– अथशेष, रिजर्व से/को अंतरण, अंत शेष उपर्युक्त प्रत्येक प्रकार के रिजर्व को अलग–अलग दर्शाया जाएगा।

4. ऋण

5. वर्तमान देयताएं और प्रावधान :

   निम्नलिखित वर्तमान देयताओं और प्रावधानों में मुख्य रूप से

   वर्तमान देयताएं :

– विविध लेनदार

– निवेशों की खरीद के लिये संविदाएं

– अदावित संवितरित आय

   प्रावधान (प्रकृति दर्शाएं)

6. आकस्मिक देयताएं

   सभी आकस्मिक देयताओं को अलग–अलग दर्शाना चाहिए –

   क. अंशतः चुकता शेयरों पर अनाहूत देयताएं

   ख. अन्य प्रतिबद्धताएं, और

   ग. अन्य (ब्योरा दर्शाएं)

3. **राजस्व लेखा की सामग्री :**

1. राजस्व लेखा में पेंशन निधि की आय, व्यय और अधिशेष का योंजना–वार ब्योरा दिया जाएगा।

2. यदि निवेशों की बिक्री पर लाभ को दर्शाए राजस्व खाते में, समान पेंशन निधि में निवेशों के अंतः–स्कीम अंतरण पर लाभ/हानि को शामिल किया गया है और उस लाभ के सकल योग में वसूल लाभ माना गया है, तो उसे तृतीय पक्षों को निवेशों की बिक्री पर लाभ/हानि के साथ शामिल नहीं करके अलग दर्शाया जाएगा,

3. राजस्व खाता में अधिशेष के विनियोजन को रिजर्व में अंतरण के रूप में दर्शाएगा,

IndiaCode

4. राजस्व खाता में निम्नलिखित का भी उल्लेख किया जाएगा –

क– संदिग्ध जमाओं, ऋणों और बकाया एवं प्रोदभूत आय के सकल मूल्य के लिये प्रावधान,

ख– निवेशों की बिक्री एवं मोचन पर लाभ या हानि को निवल आधार पर दर्शाया जाए,

ग– अभिरक्षक, न्यासी बैंक और केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिरकण के प्रभार

घ– कुल आय और व्यय जिसे औसत निवल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में दर्शाया गया है, जिसकी गणना दैनिक आधार पर की गई है।

राजस्व खाता के मुख्य शीर्षक

आय

– लाभांश

– ब्याज

– निवेशों की बिक्री/मोचन पर लाभ (अन्तः स्कीम अतरण/बिक्री के अतिरिक्त)

– निवेशों की अन्तः स्कीम अतरण/बिक्री पर लाभ

– निवेशों में विनियोजन पर अप्राप्त लाभ

– अन्य आय (प्रकृति दर्शाएं)

व्यय और हानियां

– निवेशों के मूल्य में अप्राप्त हानियां,

– संदिग्ध समझी बकाया प्रोदभूत आय के लिये प्रावधान,

– संदग्ध जमाओं और चालू आस्तियों के लिये प्रावधान,

– निवेशों की बिक्री/मोचन पर हानि (अन्तः स्कीम अंतरण/बिक्री के अतिरिक्त)

– निवेशों के अन्तः स्कीम अतरण/बिक्री पर हानि

– प्रबंधन शुल्क,

– न्यासी/विनियामक शुल्क,

– प्रचार व्यय,

– लेखा परीक्षा शुल्क,

– अभिरक्षा शुल्क,

– न्यासी बैंक शुल्क,

– केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी शुल्क

घटाएं – केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी शुल्कों के कारण यूनिटों बिक्री से प्राप्त राशि

टिप्पणी :

1. राजस्व से प्राप्त राशि और निवेशों से आय (लाभांश और ब्याज सहित) के लिये लेखांकन नीति टिप्पणी के रूप में दर्शायी जाएगी।

2. औसत निवल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में दर्शित कुल आय और व्यय की गणना दैनिक आधार पर दर्शानी चाहिए।

4. योजना लेखा परीक्षक रिपोर्ट

(i) लेखा परीक्षक उल्लेख करेंगे कि क्या –

1. उसे सभी जानकारी और स्पष्टीकरण मिल गए हैं जो उसके पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार उसे लेखा परीक्षा के लिए अपेक्षित हैं,

2. तुलन पत्र और राजस्व लेखा स्कीम के खाता बहियों के अनुरूप हैं,

3. क्या प्रत्येक स्कीम की लेखा बहियों का उचित रख रखाव किया गया है,

IndiaCode

4. संविदागत सहमत्य/प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित सीमाओं से अधिक सभी कारोबारी व्ययों को पेंशन निधि द्वारा वहन किया गया है और उन्हें निवल आस्ति मूल्य से प्रभारित नहीं किया गयाा है,

5. इस रिपोर्ट में शामिल स्कीम का तुलन पत्र और राजस्व लेखा इन विनियमों तथा कंपनी अधिनियम के तहत अधिसूचित लेखा मानकों के अनुसार उस सीमा तक हैं जहां तक विनियम लागू होते हैं,

(ii) लेखा परीक्षक अपनी राय देगा कि क्या –

1. वित्त वर्ष के अंत में तुलन पत्र निधि के कार्यकलापों की स्कीमवार सही और निष्पक्ष स्थिति दर्शाता है,

2. वित्त वर्ष के लिए राजस्व लेखा निधि के स्कीमवार अधिशेष/घाटे की सही और निष्पक्ष स्थिति दर्शाता है।

(iii) लेखा परीक्षक यह भी सत्यापित करेगा कि –

1. निवेशों का मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया है,

2. विभिन्न निकायों द्वारा किये कारोबार और दावे/शुल्क निर्धारित शुल्क के अनुसार किये गये हैं।

iii. लेखा परीक्षक उस वित्त वर्ष की स्कीम लेखा परीक्षा रिपोर्ट/स्कीम लेखाओं के साथ एक अलग रिपोर्ट जिसे ''एनपीएस स्कीम – विस्तृत लेखा परीक्षा रिपोर्ट'' कहा जाता है (जिसे एनपीएस–डीएआर संदर्भित किया जाए) भी प्रस्तुत करेगा। इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट की एक प्रति पेंशन के बोर्ड को दी जाए। रिपोर्ट की विषय–वस्तु प्राधिकरण/एनपीएस न्यास द्वारा निर्धारित प्ररूप पर आधारित होगी। पेंशन निधि के निदेशक बोर्ड विस्तृत लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्राप्ति से दो माह के अंदर एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। एनपीएस–डीएआर सभी एनपीएस स्कीमों की एक संयुक्त रिपोर्ट होगी। लेखा परीक्षक निम्नलिखित प्ररूप में प्रमाण पत्र देगा :

सेवा में,

न्यासी बोर्ड

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास

प्रथम तल, आईसीएडीआर भवन

6, वसंतकुंज इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेज–।।

नई दिल्ली– 110 070

हमने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ..... (पेंशन निधि) की निम्नलिखित स्कीमों की ..... अवधि/वर्ष की एनपीएस न्यास द्वारा हमें उपलब्ध कराई जांच सूची के अनुसार विस्तृत लेखा परीक्षा सम्पन्न की और एतद् द्वारा एनपीएस–डीएआर आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत करते हैं।

स्कीम	वर्ष/अवधि
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....
स्कीम का नाम	1 अप्रैल .... से 31 मार्च .....

हम निम्नानुसार रिपोर्ट करते हैं :

1. हमें हमारी पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सभी जानकारी और स्पष्टीकरण मिले जो हमारी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थे।

2. हमारी राय में प्रत्येक स्कीम की लेखा बहियों का उचित रख रखाव किया गया है।

3. हमारी कार्रवाई में संस्तुत एनपीएस–डीएआर जांच सूची में शामिल क्षेत्रों का शामिल किया गया। (संदर्भगत यथा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न है)।

IndiaCode

4. इसके अतिरिक्त, लेखा तैयार करने के लिये लागू लेखा सिद्धान्तों, विनियमों और दिशानिर्देशों में पाये सभी विचलनों को संलग्न रिपोर्ट में दर्शाया गया है।

पेंशन निधि द्वारा तैयार अभिलेख की परीक्षण जांच के आधार पर, हम निम्नानुसार सत्यापित करते हैं –

1. पेंशन निधि द्वारा अनुसरण की जा रही पद्धति, प्रक्रियाएं और सुरक्षा उपाय पर्याप्त हैं,

2. इन विनियमों के पंजीकरण संबंधी नियम व शर्तों व राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के साथ हस्ताक्षरित, निवेश प्रबंधन करार शर्तों का अनुपालन पेंशन निधि द्वारा किया जा रहा है,

3. प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी निदेशों और अन्य सांविधिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है।

4. पेंशन निधि के कार्यकलापों का संचालन इस प्रकार किया जा रहा है जो अभिदाताओं के हित में है।

5. प्राधिकरण द्वारा संविदागत सहमत्य/अनुमोदित सीमा से अधिक हुए कारोबारी व्ययों को पेंशन निधि द्वारा वहन किया गया है और उन्हें एनएवी से प्रभारित नहीं गया है।

भवदीय,

कृते

..... (फर्म का नाम)

सनदी लेखाकार

फर्म पंजीकरण नम्बर .....

..... (हिस्सेदार का नाम)

हिस्सेदार

सदस्यता सं. ..

स्थान :

दिनांक :

5. मुख्य सांख्यिकी

पेंशन निधि का नाम :

..... समाप्त अवधि/वर्ष के मुख्य आंकड़े

	स्कीम क		**स्कीम ख**	
	वर्ष चालू वर्ष	वर्ष पिछला वर्ष	वर्ष चालू वर्ष	वर्ष पिछला वर्ष
1. एनएवी प्रति यूनिट (रुपए)				
खुली				
उच्च				
निम्न				
अंत				
2. प्रबंधाधीन अतिम आस्तियां (लाख रुपए)				

IndiaCode

अंत

औसत (एएयूएम)

3. सकल आय एएयूएम के प्रतिशत में

4. व्यय अनुपात :

क. कुल व्यय एएयूएम के प्रतिशत में (स्कीम–वार)

ख. प्रबंधन शुल्क एएयूएम के प्रतिशत में (स्कीम–वार)

5. एएयूएम के प्रतिशत के रूप में निवल आय

6. पोर्टफोलियो में कुल कारोबार का अनुपात

7. वर्ष/अवधि के दौरान प्रति यूनिट आधार पर वितरित लाभांश (स्कीमवार)

8प्रतिलाभ : **(प्रतिशत)**

क. पिछला एक वर्ष

बेंचमार्क

ख. स्थापना के समय से

बेंचमार्क

ग. योगिक वार्षिकी लाभ (प्रतिशत)

पिछला 1 वर्ष

पिछला 3 वर्ष

पिछला 5 वर्ष

स्कीम शुरू होने के समय से (शुरू करने की तारीख दें)

1. सकल आय = राजस्व खाते में अर्थात आय, (क) में दर्शाई राशि

2. निवल आय = राजस्व खाते में अर्थात वर्ष/अवधि में निवल प्राप्त लाभ/(हानि), (ग) में दर्शाई राशि,

3. पोर्टफोलियो में कुल कारोबार = वर्ष/अवधि के लिए औसत एयूएम से विभाजित करके बिक्री या क्रय से कम

4. एएयूएम = औसत दैनिक निवल परिसम्पतियां

5. ''संयुक्त वार्षिक लाभ'' की गणना निम्नलिखित फार्मूला के आधार पर की जाए : = (1 + संचयी आय) –1 (जबकि एन = 365/दिनों की संख्या)

6. एनएवी = (स्कीम द्वारा धारित निवेश का बाजार मूल्य + वर्तमान परिसम्पतियों का मूल्य–चालू देयताओं का मूल्य और प्रावधान, यदि कोई हो)/(मूल्यांकन दिनांक को यूनिटों की संख्या (यूनिटों के सृजन/मोचन से पूर्व)

IndiaCode

संक्षिप्त तुलन–पत्र का फार्मेट

पेंशन निधि का नाम

संक्षिप्त तुलन–पत्र दिनांक .....

	स्कीम क		**स्कीम ख**	
	वर्ष	वर्ष	वर्ष	वर्ष
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
देयताएं				
1. यूनिट पूंजी				
2. आरक्षित और अधिशेष				
2.1 यूनिट प्रीमियम रिजर्व				
2.2 अप्राप्त मूल्यवृद्धि रिजर्व				
2.3 अन्य				
4. चालू देयताएं और प्रावधान				
4.1 संदिग्ध आय/जमाओं के लिए प्रावधान				
4.2 अन्य चालू देयताएं और प्रावधान				
कुल				
<u>परिसम्पतियां</u>				
1. निवेश				
इक्विटी				
डिबेंचर				
बांडस				
सीजी/एसडीएल				
पूंजी बाजार				
अन्य				
कुल निवेश				
3. अन्य चालू परिसम्पतियां				
3.1 नकद और बैंक शेष				
3.3 अन्य				
कुल				

संक्षिप्त राजस्व लेखा का फार्मेट

पेंशन निधि का नाम

संक्षिप्त राजस्व लेखा

..... को समाप्त वर्ष/अवधि

	स्कीम क		**स्कीम ख**	
	वर्ष	वर्ष	वर्ष	वर्ष
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1. आय				
1.1 लाभांश				
1.2 ब्याज				

IndiaCode

1.3 अन्तः स्कीम अंतरण से प्राप्त लाभ

1.4 निवेशों की बिक्री/मोचन से प्राप्त लाभ

1.5 अन्य आय

(क)

2. व्यय

2.1 अन्तः स्कीम अंतरण से हुई हानि

2.2 निवेशों की बिक्री/मोचन से हुई हानि

2.3 निवेश प्रबंधन शुल्क

2.4 अभिरक्षा शुल्क

2.5 बैंक प्रभार

2.6 अन्य परिचालन व्यय

(ख)

3. वर्ष /अवधि में निवल प्राप्त लाभ/(हानि)(क – ख =ग)

4. निवेश मूल्य में अप्राप्त हानि/लाभ में निवल परिवर्तन

7. वर्ष/अवधि में निवल अधिशेष/(हानि)

लेखाओं में टिप्पणियां यथा निम्नलिखित

मार्गदर्शक टिप्पणी

1. महत्वपूर्ण मदों की प्रकृति एवं उनकी राशि दर्शाते हुए लेखा टिप्पणियां दें।

2. अप्राप्त हानि/लाभ की गणना प्रत्येक आस्ति की श्रेणी के आधार पर की जाए और समेकित रूप में दर्शाएं। इसे उस वर्ष/अवधि में अप्राप्त हानि/लाभ में लेखा में बदलाव के साथ शामिल करना चाहिए और उसे पिछले वर्ष के अंत में अप्राप्त हानि/लाभ में दर्शाएं।

लेखा टिप्पणियां – संक्षिप्त तुलन–पत्र और राजस्व लेखा का संलग्नक

स्कीम का नाम :

लेखा टिप्पणियां – ..... को समाप्त वर्ष/अवधि का संक्षिप्त तुलन–पत्र और राजस्व लेखा का संलग्नक

क्रम सं. ब्योरा

1 निवेश :

1.1 पुष्टि टिप्पणी की स्कीमों में निवेश एनपीएस न्यास के नाम से हैं।

1.2 व्युत्पन्नों की खुली स्थिति (वर्ष के अंत में बकाया बाजार मूल्य और निवल परिसम्पतियों का प्रतिशत)

1.3 एसोशियट्स और ग्रुप कंपनियों में निवेश : निर्गमकर्ता का ब्योरा, लिखत की प्रकृति, राशि, सभी स्कीमों द्वारा सकल निवेश का ब्योरा दें।

1.4 स्कीम द्वारा उधार ली गई और/या उधार दी गई प्रतिभूतियों की खुली स्थिति।

1.5 एनपीए का ब्योरा : सकल बाजार मूल्य और उसके प्रावधान

1.6 वित्त वर्ष के अंत में सकल अप्राप्त लाभ/हानि और निवल आस्तियों से प्रतिशत।

1.7 सकल आस्तियों के प्रतिशत में क्रय और विक्रय का सकल मूल्य।

1.8 पोर्टफोलियो में कारोबार नहीं हुई प्रतिभूतियां : इक्विटी का सकल मूल्य, ऋण और पूंजी बाजार लिखतें तथा निवल आस्तियों से प्रतिशत।

2. एसोशियट्स और ग्रुप कंपनियों के साथ किये कारोबार का ब्योरा। एसोशियट का नाम, भुगतान की प्रकृति और राशि का ब्योरा दें।

3. समाप्त वर्ष/अवधि के दौरान यूनिट पूंजी का संचलन। यूनिटों में संचलन का स्कीमवार ब्योरा – खुला, अभिदान, मोचन, बंद। स्कीमवार यूनिटों का अंकित मूल्य दें।

4. पिछले वर्ष से तुलना – एक उपयुक्त विवरणी कि पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनर्वर्गीकरण किया गया है जब कभी वर्तमान के अनुरूप करना अपेक्षित हुआ।

IndiaCode

5. आकस्मिक देयता, प्रकृति और राशि का ब्योरा दें।

मार्गदर्शक टिप्पणी: उपर्युक्त सभी प्रकटीकरणों के तदनुसार पिछले वर्ष/अवधि के आंकड़ें दें।

9. लेखा नीतियां

पेंशन निधि द्वारा स्कीमों से संबंधित लेखांकन नीतियों की वित्तीय विवरणियां तैयार करते समय और निवल आस्तियों के मूल्य की गणना के समय अनुपालन किया जाए:

1. पेंशन निधि को स्कीमवार लेखा बहियां प्रोद्भूत आधार पर तैयार करनी चाहिए। निवेश का उल्लेख प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी मूल्याकंन दिशानिर्देशों के अनुसार, तुलन–पत्र की तारीख या आस्ति मूल्य या निवल आस्ति मूल्य की गणना की तारीख को करना चाहिए।

2. निवेशों को अभिरक्षक अभिलेख और यूनिटों को केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिरकण के दैनिक आधार के अभिलेख से मिलान करना चाहिए।

3. मूल्यांकन की तारीख को प्रोद्भूत आय, और सभी अनुमत्य व्यय जिसे आस्ति मूल्य/एनएवी की गणना, बड़े व्यय जैसे प्रबंधन शुल्क और अन्य अनुमत्य आवधिक व्यय जैसे अभिरक्षा प्रभार आदि, दैनिक आधार पर प्रोद्भूत होने चाहिए। प्रोद्भूत गणना के लिये विचाराधीन अवधि वित्त वर्ष होगी।

4. स्कीम द्वारा अर्जित लाभांश आय को लाभांश घोषित होने की तारीख से नहीं मानना चाहिए किंतु उस तारीख से जब शेयर पूर्व–लाभांश आधार पर कोट हुआ था, मानना चाहिए।

5. ब्याज अर्जित होने वाली सभी लिखतों के बारे में, आय दैनिक आधार पर प्रोद्भूत होनी चाहिए। अतः, जब ऐसे निवेश क्रय किये जाते हैं, पिछले ब्याज की देय तारीख से क्रय करने की तारीख तक अवधि का चुकता ब्याज को क्रय लागत के रूप में नहीं मानना चाहिए बल्कि ब्याज वसूल खाते से नामे करना चाहिए। इसी प्रकार, बिक्री के समय, पिछले ब्याज की नियत तारीख से बिक्री की तारीख तक अवधि के प्राप्त ब्याज को बिक्री मूल्य से अतिरिक्त नहीं मानना चाहिए बल्कि ब्याज वसूली लेखा में जमा करना चाहिए।

6. निवेशों की धारक लागत और निवेशों की बिक्री से लाभ या हानि का निर्धारण करने के लिए, ''भारित औसत लागत'' विधि का पालन करना चाहिए।

7. निवेशों के क्रय या बिक्री के लेन देन को ट्रेड दिनांक मानना चाहिए, ना कि उसे निर्धारण दिनांक माना जाए, अतः वित्त वर्ष के दौरान किये गये सभी निवेशों के लेन देनों के प्रभाव को उस वर्ष की वित्तीय विवरणियों में दर्शाएं। जब निवेश संबंधी कारोबार स्टॉक बाजार से बाहर किया जाए, जैसे किसी नियोजन के माध्यम से खरीद करके या प्राइवेट संधि के माध्यम से ब्रिकी व खरीद, तो उस लेन देन को क्रय के मामले में उस तारीख में दर्ज किया जाए जब स्कीम को मूल्य चुकता करने का दायित्व सौंपा गया हो या, बिक्री की दशा में जब स्कीम को बिक्री से प्राप्त राशि वसूल करने का अधिकार मिला हो या बिका हुआ लिखत सौंपने का दायित्व दिया गया हो।

8. बोनस शेयरों को जिसके लिये स्कीम हकदार बनती है, तभी मान्यता दी जाए जब मूल शेयर जिन पर बोनस की हकदारिता बनती है, का लेन देन स्टॉक एक्सचेंज में पूर्व बोनस आधार पर किया जाए। इसी प्रकार, अधिकार हकदारी को तभी मान्यता दी जाए जब मूल शेयर जिन पर अधिकार हकदारी बनती है, जब स्टॉक एक्सचेंज में पूर्व–अधिकार आधार पर उनका लेन देन हो।

9. प्राप्त हुए या खरीदे निवेशों की लागत में लागू कर और स्टाम्प प्रभार शामिल होंगे किंतु दलाली, दलाली पर लागू कर और अन्य कारोबारी प्रभार शामिल नहीं होंगे। निजी तौर पर किये गये ऋण लिखतों के बारे में आरंभ में दी गई किसी छूट कों निवेश की लागत में से घटा देना चाहिए।

10. सभी करों को जो लगाये जाने हैं और वास्तव में चुकता कर दिये गये हैं, निधि के एनएवी को प्रभारित किये जाएंगे और उन्हें अभिदाता वहन करेगा। इस खाते पर किसी भी प्रकार की अनुवर्ती वापसी, यदि कोई हो, उसे आय के रूप में स्कीम/निधि में जोड़ा जाना चाहिए।

11. निवेश प्रबंधन शुल्क में लेन देन से संबंधित प्रभार जैसे दलाली, कारोबारी लागत आदि शामिल होंगे, सिवाय अभिरक्षा शुल्क और अनुमत्य कर के निवेश प्रबंधन शुल्क की गणना पेंशन निधि द्वारा दैनिक आस्ति प्रबंधन आधार पर की जाती है। प्राधिकरण को चुकता किये जाने वाले शुल्कों को स्कीम से प्रभारित नहीं किया जाएगा।

12. अनुपयोज्य आस्तियों के बारे में, अभिज्ञान, वर्गीकरण और प्रावधान प्राधिकरण द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार करना चाहिए।

IndiaCode

अनुसूची – 8

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 10(1)(ग) देखें]

बैंकिंग या केन्द्रीय अभिलेखपालन समझौते

कारोबार शुरू करने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने से पहले, पेंशन निधि न्यासी बैंक और केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी के साथ नीचे दिये ब्योरे के अनुसार बैंकिंग समझौते करेगी:

1. पेंशन निधि केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी और न्यासी बैंक को इलैक्ट्रॉनिक परस्पर अंत संबंध व्यवस्था उपलब्ध कराएगी। पेंशन निधि को भावी बदलावों और प्रौद्योगिकी में विकास के कारण प्रणाली निर्देशों, एवं अभिदाताओं की संख्या, स्कीमों की संख्या में बदलाव को अपनाने और प्राधिकरण द्वारा निर्धारित सेवाओं तथा कार्यात्मक दायित्वों को संभालने में समर्थ होना होगा।

2. उपर्युक्त किये वर्णन के अनुसार निवेश हेतु निधियों में विगत, वर्तमान व भावी निवेश और आवधिक आय, मोचन और बिक्री से वस्तुतः प्राप्त राशि और जिसे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास, न्यासी बैंक जिसके यहां पेंशन निधि का निवेश खाता है और जिसे ऊपर दिये अनुसार विशेष रूप से निवेश के लिए निर्धारित किया गया है, की निर्दिष्ट शाखा में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के खाते में अंतरित किया गया है, शामिल होंगे।

3. निर्दिष्ट शाखा और न्यासी बैंक का विवरण प्राधिकरण द्वारा की गई व्यवस्था और अनुमोदन तथा समय–समय पर जारी अधिसूचना के अनुसार होगा।

4. जहां और जैसे लागू हो, केन्द्रीय अभिलेखधारक एजेंसी नेटेड निधि न्यासी बैंक की निर्दिष्ट शाखा में अंतरित कर देगी।

5. इस करार के तहत स्वीकृत निधियां एक अलग निवेश खाते में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के नाम निर्दिष्ट शाखा में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को नोटिस देकर जमा की जाएंगी। सभी प्राप्तियां, भुगतान, आय, व्यय, बिक्री से प्राप्त राशि, क्रय, निवेशों की लेन देन की लागत इस खाते में जमा या नामे, जो भी मामला हो, की जाएगी।

6. संदेहों को दूर करने के लिए, न्यासी बैंक में जहां से निवेश किये जाने हैं और निवेश के संबंध में किये जाने वाले व्यय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की ओर से पेंशन निधि द्वारा किये जाने हैं, का रख रखाव पेंशन निधि द्वारा किया जाएगा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास न्यासी बैंक के साथ हुए करार के अनुसार लेखा का रख रखाव करेगा।

7. पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास से निधियां प्राप्त करने के लिये जिसका खाता न्यासी बैंक में है, न्यासी बैंक के यहां स्कीमवार खाता रखेगी और केन्द्रीय अभिलेखापाल अभिकरण द्वारा समय–समय पर दिये गये अनुदेशों के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के उसी खाते में विप्रेषित करेगी।

8. जहां और जैसे लागू हो, पेंशन निधि आहरण राशि को अभिदाता के बैंक खाते में या प्राधिकरण/राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर निर्धारित किसी अन्य प्रकार से अंतरित करेगी।

अनुसूची – 9

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियम , 2015

[विनियम 10(1)(ग) देखें]

अभिरक्षा संबंधी करार

कारोबार आरंभ करने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने से पूर्व, पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास से पूर्व अनुमोदन लेकर निधि की स्कीमों की अभिरक्षा सेवाओं के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अभिरक्षक के साथ एक अभिरक्षा करार निष्पादित करेगी जैसेकि नीचे उल्लेख किया गया है।

1. पेंशन निधि द्वारा प्रतिभूतियां राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के नाम की ओर से खरीदी जाएंगी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास इन प्रतिभूतियों और निधियों का पंजीकृत स्वामी होगा। हालांकि, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के व्यैक्तिक अभिदाता इन परिसम्पतियों और निधियों के लाभार्थी बने रहेंगे।

2. पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अभिरक्षक से विस्तृत सूचना और रिपोर्टें प्राप्त करेगी। तद्नुसार, पेंशन निधि अभिरक्षक को इलैक्ट्रॉनिक इंटरकनैक्टीविटी उपलब्ध कराएगी।

3. पेंशन निधि प्रतिभूतियों के खाते को स्कीमवार पृथक करना सुनिश्चित करेगी।

4. पेंशन निधि, निधि की किसी भी परिसम्पति या सम्पति को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास की अनुमति के बिना दृष्टिबंधक, गिरवी और उधार नहीं रखेगी।

5. पेंशन निधि प्रतिभूतियों से संबंधित कारोबार केवल डिमैट रूप में करेगी। पेंशन निधि फिजीकल रूप में खरीदी प्रतिभूतियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के नाम स्कीम के खाते में अंतरित कराएगी, सिवाय प्राधिकृत निवेशों के जो केवल फिजीकल रूप में ही उपलब्ध हैं।

6. पेंशन निधि स्कीम के अभिरक्षक से, समय–समय पर, ऐसी वित्तीय रिपोर्टें, प्राक्सी विवरणियां और स्कीम से संबंधित कारोबार तथा मामलों के बारे में प्राप्त करेगी जो निवेश प्रबंधक के रूप में अपने कार्यों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में, या प्राधिकरण के दिशानिर्देशों या निदेशों के अनुपालनार्थ, या किसी लागू कानून, नियम और विनियमों के अन्तर्गत अपेक्षित हों।

अनुसूची – 10

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि)

विनियमावली, 2015

[विनियम 22(9) देखें]

निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति

1. निवेश समिति

1. पेंशन निधि एक निवेश समिति का गठन करेगी जिसमें दो निदेशक, मुख्य कार्यपालक अधिकारी और मुख्य निवेश अधिकारी या निधि प्रबंधक, यदि सीईओ और सीआईओ एक ही अधिकारी हो, शामिल होंगे।

2. पेंशन निधि एक निवेश नीति तैयार करेगा और उसे निदेशक मंडल के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेगी। यह नीति तैयार करने में, बोर्ड को प्रतिभूतियों के कारोबार, सभी निवेशों और बाजार जोखिम, परिसम्पतियों के प्रबंधन, देयताओं में असंतुलन, निवेश लेखापरीक्षा और निवेश आंकड़ों तथा प्राधिकरण के दिशानिर्देशों या निदेशों के प्रावधानों के प्रबंधन में चल निधि, विवेकसम्मत मानदंडों, निवेश सीमाओं, स्टाप लॉस सीमा से संबंधित विषयों पर विचार करेगा।

3. बोर्ड द्वारा अनुमोदित निवेश नीति को निवेश समिति द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा जो अपनी गतिविधियों के बारे में बोर्ड को आवधिक आधार पर सूचित करती रहेगी।

4. बोर्ड निवेश नीति और उसके कियान्वयन की अर्ध–वार्षिक आधार पर या उस कम अंतराल पर जैसा वह निर्णय करे, समीक्षा करेगा और मौजूदा निवेश नीति में वह सुधार करेगा जो अभिदाताओं के हितों और प्राधिकरण द्वारा निर्धारित निवेश प्रणाली के संरक्षण के बारे में कानूनों और विनियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप करना आवश्यक हों।

5. निवेश नीति और उसकी समीक्षा का ब्योरा जो बोर्ड द्वारा आवधिक आधार पर निर्णय लिया जाता है, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को निर्णय की तारीख से तीस दिनों में प्रस्तुत करना होगा। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास पेंशन निधि से समय–समय पर कुछ और सूचना भी मांग सकता है जैसाकि वह आवश्यक समझे और जो अभिदाताओं के हित में हो।

6. निवेश समिति परिवर्तनों की समीक्षा और अपनी टीम और निवेश से संबंधित किसी अन्य मामले पर भी विचार कर सकती है और उसे पेंशन निधि के निदेशक मंडल को अपनी सिफारिशें प्रेषित करेगी।

7. निवेश समिति निवेश प्रोफेशनलों की सेवाएं भी आवश्यकतानुसार ले सकती है।

2. जोखिम प्रबंधन समिति

1. पेंशन निधि एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन करेगी जिसमें कम से कम एक स्वतंत्र निदेशक, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, मुख्य निवेश अधिकारी या निधि प्रबंधक, यदि सीईओ और सीआईओ समान अधिकारी हो, और जोखिम या अनुपालन अधिकारी होगा। निवेश समिति का निदेशक जोखिम प्रबंधन समिति का निदेशक नहीं होना चाहिए ।

2. पेंशन निधि एक जोखिम नीति तैयार करेगी और उसे बोर्ड के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगी। यह नीति तैयार करने में, बोर्ड को निम्न बातों पर विचार करेगा –

क.– जोखिम प्रबंधन कार्य

ख– आपदा वसूली और कारोबारी आकस्मिक स्कीमें

ग– जोखिमों का बीमा

घ– अभिदाताओं को जोखिम समंजित लाभ सुनिश्चित करना जो निधियों के संरक्षण, सुरक्षा और चल निधि के अनुरूप हों।

3. बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिम नीति को जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा जो बोर्ड को अपनी गतिविधियों के बारे में आवधिक आधार पर सूचित करेगी।

4. बोर्ड जोखिम नीति की अर्ध–वार्षिक आधार पर या उस कम अंतराल पर जैसा वह निर्धारित करे, समीक्षा करेगा और मौजूदा जोखिम नीति में वह सुधार करेगा जो कानूनों और विनियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप करने हेतु आवश्यक होंगे। बोर्ड राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास को इसके बारे में आवधिक आधार पर अद्यतन करेगा।

5. जोखिम प्रबंधन समिति जोखिम प्रबंधन प्रोफेशनलों की सेवाएं भी आवश्यकतानुसार ले सकती है।

अनुसूची – 11

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पेंशन निधि) विनियमावली, 2015

[विनियम 10(1)(क) देखें]

निवेश प्रबंधन करार (प्ररूप)

कारोबार आरंभ करने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने से पूर्व, पेंशन निधि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास के साथ एक करार करेगी जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित धाराएं भी शामिल होंगी:

1. पेंशन निधि निवेश और निवेश योग्य निधियों के पुनर्निवेश जिसमें नकद, प्रतिभूतियों तथा अन्य सम्पतियों सहित जैसे प्रत्येक स्कीम की आस्तियां, के संबंध में निवेश नीतियों, प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों या निदेशों के अनुसार स्कीमों के निवेश प्रबंधक के रूप में काम करेगी।

2. पेंशन निधि स्कीमों के प्रबंधन में दैनिक निवेश का अनुमान लगाएगी और उसके अनुसार निवेश करने का निर्णय करेगी और अधिनियम, नियमों, दिशानिर्देशों, निदेशों, अधिसूचनाओं, उनके तहत जारी परिपत्रों या विनियमों के प्रावधानों के अनुसार स्कीम का प्रबंधन करेगी।

3. पेंशन निधि न्यासी बैंक द्वारा उसे उपलब्ध कराई निधियों को प्राधिकरण या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास द्वारा समय–समय पर निर्धारित समय–सीमा के भीतर निवेश करेगी।

4. पेंशन निधि अपने कार्यों के निर्वहन और अभिदाताओं के हितों व अधिकारों की सुरक्षा के लिये पूरी समझदारी, निपुणता, शीघ्रता और सतर्कता बरतेगी।

5. पेंशन निधि सभी प्रकार के सट्टे बाजी वाले कारोबार या निवेशों में लेन देन करने से बचेगी।

6. पेंशन निधि अपने कर्मचारियों या उन व्यक्तियों जिनकी सेवाएं पेंशन निधि द्वारा ली गई हैं, की गलतियों या कार्यों के लिये उत्तरदायी होगी और उनकी प्रतिपूर्ति के लिये सदा जबावदेय होगी।

